दैनिक भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-85 | झुंझुनू (राजस्थान) | शनिवार, 14 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'अगर एक दिन अपने आप पर गर्व करना है, तो आज हारी हुई बाजी जीतनी ही होगी '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

# राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम:आरजीएचएस में घोटाला करने वाले सात और डॉक्टर निलंबित, अब तक 64 कार्मिक सस्पेंड

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में अनियमितताएं करने वाले अस्पतालों, फार्मेसी स्टोर और कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। राज्य सरकार ने अनियमितता करने पर 7 और चिकित्सकों को निलंबित किया है। एक अस्पताल और एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर केस दर्ज कराया जा रहा है।

आरजीएचएस योजना में ऑडिट के दौरान अनियमितताएं सामने आने पर सीकर जिले में तैनात 7 चिकित्सकों को निलंबित किया है। अब तक योजना में गड़बड़ी पर अस्पताल एवं फार्मेसी के विरुद्ध 19 एफआईआर दर्ज करवाई है। अनियमितता पर 7 चिकित्सकों सहित 64 कार्मिकों को निलंबित किया गया है। करीब 500 कार्ड ब्लॉक किए गए हैं। कार्ड के दुरुपयोग पर लाभार्थियों से करीब 2 करोड़ की राशि वसूल की गई है। इसी प्रकार 33 अस्पतालों का टीएमएस एवं 39 अस्पतालों का भुगतान ब्लॉक किया गया है। साथ ही, 8 अस्पताल डी-एम्पेनल




किए गए हैं। इन अस्पतालों से 32 करोड़ से अधिक की राशि वसूल की गई है। इसी प्रकार 212 फार्मेसी का टीएमएस ब्लॉक किया गया और इनसे 5 करोड़ से अधिक की राशि वसूली गई।

■ **लाभार्थियों के कार्ड का दुरुपयोग कर उठाए फर्जी क्लेम -** राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजीलाल अटल ने बताया कि जांच रिपोर्ट में यह तथ्य गंभीर रूप से उजागर हुआ है कि भरतपुर स्थित कशिश फार्मेसी एवं भरतपुर नर्सिंग होम द्वारा मिलीभगत कर आरजीएचएस में फर्जीवाड़ा कर राजकोष को भारी हानि पहुंचाई है। जांच में पाया गया कि अस्पताल की डॉक्टर संगीता अग्रवाल द्वारा आरजीएचएस में पूर्व में अनुमोदित ना होते हुए भी आरजीएचएस का बोर्ड लगाकर लाभार्थियों को आरजीएचएस से सुविधा देने का प्रलोभन दिया। अपने अस्पताल में आरजीएचएस कार्ड धारकों का इलाज किया एवं टीआईडी जनरेट करने के लिए उनके एसएसओ आईडी पासवर्ड लिए तथा उपचार उपरान्त अपने ही अस्पताल की कशिश फार्मेसी से जांचें एवं दवाइयों को फर्जी तरीके से आरजीएचएस पोर्टल पर एडजेस्ट कर भुगतान प्राप्त किया। अब एफआईआर की कार्रवाई की जा रही है।

■ **निलंबित सातों डॉक्टरों की सीकर में पोस्टिंग -** मेडिकल कॉलेज सीकर में कार्यरत अस्थि रोग विभाग के सह आचार्य डॉ. कमल कुमार अग्रवाल एवं डॉ. सुनील कुमार ढाका एवं जनरल मेडिसिन विभाग के सह आचार्य डॉ. मुकेश वर्मा, सीएचसी किरवा के डॉ. राकेश कुमार, एसके अस्पताल के डॉ. गजराज सिंह, डॉ. एसएस राठौड़ तथा डॉ. सुनील शर्मा को निलंबित किया गया है। इसी प्रकार योजना में अनियमितता कर अनुचित लाभ लेने पर भरतपुर के भरतपुर नर्सिंग होम तथा बीकानेर के बोथरा डायग्नोस्टिक एण्ड इमेजिंग सेंटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। इस संबंध में पत्र लिखा गया है।

■ **जरूरत नहीं थी, फिर भी जांचें -** करवाई मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि डॉ. बोथरा डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर, बीकानेर द्वारा प्रस्तुत क्लेमों की जांच में मरीजों को आवश्यकता से अधिक जांचें लिखी गईं तथा परीक्षण रिपोर्टों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच में कुछ मरीजों के लिए HbAvc, RA Factor, Procalcitonin जैसी जांचें बताई गईं, जबकि रिकॉर्ड में आवश्यक चिकित्सीय औचित्य स्पष्ट नहीं था। कुछ मामलों में T2DM के लिए दर्शाए गए HbAvc टेस्ट की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं पाई गई तथा ओपीडी स्लिप पर भी संबंधित परामर्श का उल्लेख नहीं मिला।

# मंडावा सीबीईओ पवन कुमार का किया स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** शहीद सुमेर सिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलाली में शुक्रवार को मंडावा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पवन कुमार का विद्यालय में राजस्थान शिक्षक संघ(राष्ट्रीय) के उपशाखा अध्यक्ष मूलसिंह शेखावत द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीबीईओ मंडावा ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करते हुए खेलों में भी अपनी रुचि रखने की बात कही। उन्होंने सभी से विद्यालय प्रांगण में पेडों की सुरक्षा के साथ नये पेड लगाने के लिए बच्चों एवं स्टाफ को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नरसा राम, मैना, सीमा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# विद्यालय के पूर्व छात्र ने की कक्षा-कक्ष बनाने की घोषणा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** पीएम श्री शहीद मेजर रणवीर सिंह बाबा श्री केशर नाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, टाईं में पूर्व छात्र, समाजसेवी, भामाशाह और भृगु मंदिर संस्था गोल्याणा, लोहार्गल के अध्यक्ष विनोद कुमार भार्गव ने प्रधानाचार्य के निवेदन पर विद्यालय में एक कक्षा-कक्ष बनाने की घोषणा की है। इस अवसर पर उपस्थित प्रधानाचार्य हरि सिंह कुलहरी, समस्त स्टाफ, एसडीएमसी के सदस्यों के द्वारा भार्गव को साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



# सावित्रीबाई फुले अवार्ड आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन हेतु शहर नवलगढ़ की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की 35 प्रतिभावान बालिकाओं को संजीवनी संस्था के वार्षिक उत्सव पर पुरस्कृत शिक्षक रामावतार सबलानिया द्वारा अपने माता-पिता पतासी देवी व धन्नाराम सबलानिया की पुण्य स्मृति में बालिकाओं को सावित्रीबाई फुले अवार्ड 2026 दिया जायेगा। अवार्ड पुरस्कार वितरण समारोह 14 फरवरी 2026 दोपहर 2:00 बजे छावछरिया धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा । शहर के विद्यालयों, महाविद्यालयों से चयनित 35 बालिकाओं को कार्यक्रम में संयोजक रामावतार सबलानिया द्वारा 1100-1100 सो रुपये नकद , प्रशस्ति पत्र व इनाम वितरित की जाएगी ।

# 'सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त' नवलगढ़ अभियान पकड़ रहा है गति

**(विवाह और पार्टियों में प्रीतिभोज के अवसर पर काम में लेने वाली प्लास्टिक कटोरियां, चम्मच तथा ग्लास को पूर्णतया बंद करने का ले रहे है संकल्प )**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

विश्व हिन्दू परिषद की ओर से शुरू किया गया सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त नवलगढ़ अभियान अब जोर पकड़ने लगा है। मझाऊ निवासी डॉ. जय दयाल सिंह की सुपुत्री दिक्षा का गुरुवार को विवाह हुआ। विवाह से पूर्व विश्व हिन्दू परिषद,नवलगढ के सामाजिक समरसता प्रमुख डॉ. जगदीश प्रसाद कड्वासरा ने चौ. हरलाल सिंह मूण्ड के पुत्र डॉ.जे. डी.सिंह से मिलकर विवाह समारोह में पर्यावरण संरक्षण हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक के डिस्पोजेबल का प्रयोग ना करके कागज के डिस्पोजेबल प्रयोग करने का आग्रह किया। इस पर डॉ. जे. डी. सिंह के परिवार ने पूर्णतः सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त विवाह का आयोजन करके समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके लिए प्रखण्ड टोली में डॉ. जगदीश प्रसाद कड्वासरा, डॉ. अशोक गोदारा ने मूण्ड परिवार को 'पर्यावरण योद्धा' के रूप में आकर्षक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।फेरे लेते समय डॉ. कड्वासरा ने वर एवं वधू को अग्नी के समक्ष पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलवाइ। विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राम मोहन सेकसरिया ने बताया कि नवलगढ़ को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने हेतु विभिन्न चरणों पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें सब्जी आदि लाने में प्लास्टिक थैलियों का उपयोग ना करना, खराब थैलियों को बाहर ना फेंककर बोतल में भरना सहित विभिन्न उपाय सम्मिलित हैं। इस अवसर पर वर एवं वधु पक्ष के बहुत सारे गणमान्य सहित अनेक शिक्षाविद व नारी शक्ती उपस्थित थे।








# प्रेम को सेलिब्रेट करने का दिन है वैलेंटाइन डे

वैलेंटाइन डे प्यार को इजहार करने का दिन है। इस दिन लोग प्यार करने वाले को फूल और तोहफे देते हैं और प्यार से बंधे रिश्ते को सेलिब्रेट करते हैं। वैलेंटाइन डे प्रेमियों के लिए हमेशा से ही एक खास दिन रहा है और दुनिया भर के प्रेमी इस दिन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। हर 14 फरवरी को प्यार करने वाले प्यार भरे तोहफे और खत देकर इस दिन को मनाते हैं, फिर चाहे वो दोस्त हो, प्रेमी हो, माता-पिता हों या भाई बहिन हों। दुनिया की किसी किताब में ये नहीं लिखा कि हमें वैलेंटाइन डे को सिर्फ अपने प्रेमियों के साथ ही बिताना चाहिए। ये तो प्रेम को सेलिब्रेट करने का दिन है, तो आप अपने जीवन में जिससे भी अधिक प्रेम करते हैं उसके साथ इस दिन को अपने जीवन का कुछ कीमती पल निकालकर प्यार से मना सकते हैं। अपने जज्बातों को शब्दों में बयां करने के लिए इस दिन का हर धड़कते हुए दिल को बेसब्री से इंतजार होता है। दुनियाभर के प्रेमी खासकर युवा पीढ़ी इस दिन को बड़े ही रोमांचक तरीके से मनाते हैं। इन दिन को एक खास नाम दिया गया है। वैलेंटाइन डे प्यार का दिन होता है इसमें लोग जिसे वो प्यार करते हैं उसे फूल, कार्ड और तोहफे देते हैं और उनके साथ वक्त बिताते हैं।



मेरे
चेहरे की हंसी हो तुम मेरे
दिल की हर खुशी हो तुम मेरे
होठों की मुस्कान हो तुम धड़कता
है मेरा दिल जिसके लिए वही
मेरी जान हो तुम...

## जीवन के लिए आखिर क्यों जरूरी है प्यार ?

दुनिया में तमाम गुणा-भाग के बाद केवल प्रेम ही बचा रह जाता है। प्रेम खुशी है। प्यार की धूप-छांव में ही हम खिलते हैं और हमारे अपने खिलखिलाते हैं। फिर प्यार हर जगह है। जहां आप हैं, वहां प्यार है। आप ही तो प्यार हैं। प्यार के जितने रूप हैं, उतने ही आपके।

प्यार के बिना हमारा गुजारा नहीं है। दूसरों के साथ हमारा जोड़ प्यार के पुल पर ही टिका है। यह पुल जितना मजबूत और चौड़ा होता है, उतना ही सफर सुहाना बन जाता है। फिर हम भी मजे से चल पाते हैं। दूसरों को भी साथ चलने में दिक्कत नहीं होती। छोटे-मोटे हिचकोले पड़ते हैं तो भी संतुलन बना रहता है। सच तो यह है कि हम सब, दूसरों के लुटाए गए प्यार के कर्ज में डूबे हैं। हमें कुछ का ही प्यार दिखता है। बाकी के प्रेम को देखने की समझ नहीं होती या हम अनदेखी कर देते हैं। एक बार अपने आसपास नजर दौड़ाएं। हम कितनी ही चीजों से घिरे हैं। नीचे धरती, ऊपर आकाश, हवा-पानी, पेड़-पौधे सब हमें दिए ही जा रहे हैं।

अपनों से ही नहीं, बहुत-सी चीजों से भी हमारा नाता होता है। हर रिश्ते को जीना, उस प्रेम को भी देखना है, जो चुप रहता है। कोई दावा नहीं करता। प्रेम की नजर का ही कमाल है कि दूर के सूरज, चांद से भी रिश्ता महसूस होता है। हम अपने कमरे, कुर्सी और कंप्यूटर के लिए भी कृतज्ञ हो उठते हैं।

### जरूरी है हर रिश्ता

सवाल है कि क्यों जरूरी है हर चीज को, हर व्यक्ति को प्रेम करना? मनोविज्ञानी मानते हैं कि पहले की तुलना में अब ऐसी कई चीजें हैं, जो हमें खराब एहसास कराती हैं। रिश्तों में तनाव बढ़ रहे हैं। आगे निकलने की होड़ है। दुनियाभर में एक-दूसरे से नफरत बढ़ रही है। मनों में उदासी बढ़ती जा रही है। कुछ समस्याएं इसलिए हैं कि हम दूसरों को प्यार नहीं करते। बहुत-सी इसलिए हैं कि हम खुद से प्यार करना नहीं जानते। वियतनामी बौद्ध गुरु तिक नत हन्ह कहते हैं कि हमारी खुशियां इस पर निर्भर करती हैं कि हम दिल से कितने आजाद हैं। अपने ही फायदे-नुकसान से घिरा, सहमा मन, प्यार कर ही नहीं सकता। तब हम खुद को भी चोट पहुंचाते हैं, दूसरों को भी दुखी करते रहते हैं। हर समय दूसरों का साथ छूटने का डर सताता रहता है।

### दिलों को जोड़ता है प्यार

हर रिश्ते को जीना इसलिए जरूरी है कि प्यार दिलों को जोड़ता है। कड़वे जख्म भर जाते हैं। प्यार की ठंडक से भीतर का उबाल शांत होता है। हम दूसरों को माफ करना सीखते हैं। लॉ ऑफ अट्रेक्शन से जुड़ी 'सीक्रेट' एक चर्चित किताब है। लेखिका रोंडा बायन कहती हैं कि जितना ज्यादा हो सके हर चीज, हर व्यक्ति से प्यार करें। ध्यान केवल प्यार पर रखें। पाएंगे कि जो प्यार आप दे रहे हैं, वह कई गुणा बढ़कर आप तक लौट रहा है।

### रिश्ते में सबसे बड़ा रोड़ा है अहंकार

दूसरों के साथ हमारे रिश्ते में सबसे बड़ा रोड़ा है अहंकार। यह बड़ी चतुराई से अपनी जगह बनाता है। अहंकारी अपने फायदे के लिए ही दूसरों के पीछे भागता है। बड़ों से संबंध जोड़ता है और छोटों की अनदेखी कर देता है। प्रेम हंसाता है तो अहंकार चोट पहुंचाता है। अहंकार गले लगाकर भी दूसरे को छोटा ही बनाए रखता है। यह केवल दूसरों से पाने की चाह रखता है। शरीर से परे मन का प्रेम ही हमें दूसरों के प्रति कृतज्ञ बनाता है। प्रेम की कक्षा में हम जितना आगे कदम बढ़ाते हैं, भेद खत्म होते चले जाते हैं। प्रेम हमें तो हल्का करता ही है, दूसरों को भी जीवन से भर देता है। ओशो कहते हैं कि प्रेम के तीन स्तर हैं—शरीर, मन और आत्मा। सच्चा प्रेम समय और स्थान से परे है। वह देने में खुश होता है। भरे बादलों की तरह सब पर बरसता है। सब रिश्तों को जीने का मतलब यही है कि हम हर तरह का प्यार देख-समझ सकें। जब भीतर बेचैनी बढ़ने लगे तो बाहर से जुड़ जाएं। दूसरों को बांटें। जब बाहर के प्रेम से मन भर जाए तो भीतर की ओर लौट जाएं। भीतर ध्यान बना रहे और बाहर प्रेम। हम प्रेम करें। बस प्रेम करें या फिर प्रेम की बातें।

## क्यों मनाया जाता है वैलेंटाइन डे ?

हम आपको बता दें कि हर त्यौहार के पीछे कोई न कोई कहानी जुड़ी है, चाहे वह दीवाली या फिर ईद हो, तो इसी तरह वैलेंटाइन डे से भी एक कहानी जुड़ी है, जिसके बारे में आज हम आपको इस आलेख में बताएंगे। इससे आपको वैलेंटाइन डे के बारे में पूरी जानकारी मिल सकेगी।

ऐसा माना जाता है की वैलेंटाइन डे का नाम रोम के एक पादरी संत वैलेंटाइन के नाम पर रखा गया है, दरअसल रोम में तीसरी सदी में क्लॉडियस नामक राजा का राज्य था। रोम के राजा क्लॉडियस का मानना था कि विवाह करने से पुरुष की बुद्धि खत्म हो जाती है, इसके चलते क्लॉडियस ने अपने राज्य में ये आदेश दिया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी शादी नहीं करेगा और उसने ये भी कहा कि अगर मेरा कोई सैनिक या अधिकारी शादी करेगा तो उसे सजा दी जाएगी। राजा के इस फैसले से सभी सैनिक काफी दुखी थे, परंतु राजा के डर से किसी ने कुछ भी नहीं कहा।



और सभी सैनिक राजा की आज्ञा का पालन करने के लिए मजबूर हो गए, परंतु संत वैलेंटाइन ने इस बात का विरोध किया और पूरे राज्य में लोगों को शादी करने के लिए प्रेरित किया। संत वैलेंटाइन ने रोम में बहुत सारे सैनिकों और अधिकारियों की शादी करवाई और जब राजा को इस बात का पता चला तब उसे इस बात का बहुत गुस्सा आया और उसने संत वैलेंटाइन को बंदी बनाने का आदेश दे दिया और उसे फांसी की सजा सुना दी गई। अब संत वैलेंटाइन अपनी मौत का इंतजार कर रहे थे, इसी बीच संत वैलेंटाइन को एक अंधी लड़की से प्यारा हो गया, जो कि जेलर की बेटी थी। वह अपनी मौत की पूर्व संध्या पर कुछ लिखना चाहता था, लेकिन वहां लिखने का कोई साधन उपलब्ध नहीं था।

कहा जाता है कि वैलेंटाइन ने उसे स्याही में एक सोननेट लिखा है, जो कि violets से निचोड़ा हुआ था। उसने अंतिम बार उस अंधी लड़की को फिर से देखा और उन दोनों में रोमांस हुआ, जो उनके जीवन का अंतिम पल था और अगले दिन वैलेंटाइन को रोमन के जल्लादों द्वारा 14 फरवरी को फांसी दे दी गई। इस बलिदान की वजह से 14 फरवरी को वैलेंटाइन के नाम से रखा गया और संत वैलेंटाइन की याद में हर साल 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। वैसे माने तो प्यार करने वाले के लिए हर दिन खास होता है और अपने साथी से प्यार जताने के लिए कोई तरीख या दिन मायने नहीं रखता है, लेकिन दौड़ती हुई जिंदगी के लिए आज का दिन मोहब्बत के नाम कर दिया गया।

### इसके बारे में कुछ रोचक तथ्य

- हर साल वैलेंटाइन डे 14 फरवरी को मनाया जाता है।
- हर साल लगभग,1 बिलियन वैलेंटाइन डे कार्ड का आदान-प्रदान किया जाता है
- वैलेंटाइन डे पर हर साल इतनी कैंडी बनाई जाती है कि Arizona से Roam, इटली और वापस Arizona तक लाया जा सकता है। इन दिल के आकार वाली कैंडी का उत्पादन लगभग 8 मिलियन है।
- क्रिसमस के बाद वैलेंटाइन डे कार्ड भेजने के मामलों में वर्ष का दूसरा सबसे बड़ा दिन हैं।
- फिनलैंड के लोग वैलेंटाइन डे को, 'मित्र दिवस' के रूप में मनाते हैं। और इस दिन वहां मित्रों को याद किया जाता है।
- हर साल वैलेंटाइन डे पर इटली का वेरोना शहर 1000 पत्र प्राप्त करता है, जिन्हें जूलियट के पत्ते पर भेजा जाता हैं। यह वह जगह है, जहां रोमियो और जूलियट रहते थे।
- भारत में वैलेंटाइन डे का आरंभ 1992 में हुआ था, लेकिन भारत के लोगों ने इस दिन को नफरत ज्यादा दी।
- ईरान सरकार ने वैलेंटाइन डे 2011 में बैन लगा दिया था, यहां लाल गुलाब हार्ट शेप और इससे जुड़े सभी चीजे को बैन कर दिया था।
- जापान में सिर्फ पुरुष ही वैलेंटाइन डे मनाते है।
- मलेशिया में सिर्फ मुस्लिम ही वैलेंटाइन डे को मना सकते हैं।
- 2011 में वैलेंटाइन डे के दिन मैक्सिको में 39 हजार 897 लोगों ने एक साथ किस किया था, जो आज तक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।
- इस दिन के मौके पर सबसे ज्यादा प्रयोग किए जाने वाले लाल गुलाब को प्यार का प्रतीक माना जाता है, क्योंकि लाल रंग प्यार को रोमांटिक भावनाओं को प्रदर्शित करने वाला रंग माना जाता है।
- एक अनुमान के अनुसार वैलेंटाइन डे के मौके पर पूरी दुनिया में लगभग 73 प्रतिशत पुरुष और 27 प्रतिशत महिलाएं अपने प्रेम के इजहार के लिए फूल खरीदती हैं।
- पहला दर्ज वैलेंटाइन सन् 1415 फरवरी में मनाया गया था, इस दिन ऑरलियन्स के अंग्रेजी ड्यूक ने अपनी पत्नी को प्रेम पत्र भेजा था, यह पत्र उन्होंने लंदन टावर के जेल में बैठकर लिखा था। इस पत्र को आज भी ब्रिटिश संग्रहालय मे देखा जा सकता है।
- दक्षिण कोरिया एक ऐसा देश है, जहां हर माह की 14 तारीख को वैलेंटाइन के रूप मे मनाया जाता है।
- वर्ष 1537 मे इंग्लैंड के राजा हेनरी VII ने पहली बार 14 फरवरी को आधिकारिक तौर पर सेंट वैलेंटाइन डे के दिन छुट्टियों की घोषणा की थी।

## बॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड के लिए वैलेंटाइन गिफ्ट

वैलेंटाइन डे का दिन प्यार करने वालों के लिए सबसे खास दिन होता है, इस खास दिन में अपने साथी को खास तोहफा देना बहुत ही जरूरी है, जो आपके प्यार की नींव को और भी मजबूत बना देगा। इन खास तोहफों से हम अपने साथी को ये एहसास दिलाते हैं कि वो हमारे लिए कितना स्पेशल है, इसलिए आज हम आपके लिए कुछ गिफ्ट ideas लेकर आए हैं, जिससे आपको अपने बॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड के लिए गिफ्ट सेलेक्ट करने में मदद मिलेगी। अपने बॉयफ्रेंड के लिए या लड़कों के लिए गिफ्ट चुनना बहुत ही आसान है, क्योंकि जब एक लड़की उन्हें कुछ भी गिफ्ट करती है तो उनके लिए वो स्पेशल ही होता है, लेकिन लड़कियों के लिए गिफ्ट चुनना बहुत ही मुश्किल है, उन्हें क्या अच्छा लगेगा और क्या नहीं ये कहना जरा मुश्किल है, इसलिए आपकी मुश्किलों को दूर करने कुछ गिफ्ट के ideas लेकर आए हैं, जिससे आपको ये पता चल जाएगा कि किस तरह के गिफ्ट आप उन्हें दे सकते हैं, जिसे उन्हें यकीनन पसंद आ जाए।



1. **चॉकलेट्स :** ये गिफ्ट दोनों के लिए परफेक्ट गिफ्ट है। जब किसी अच्छी चीज की शुरुआत होती है तो सबसे पहले मुंह मीठा करने की बात याद आती है। उसी तरह वैलेंटाइन डे के मौके पर मीठा गिफ्ट हो जाए तो क्या कहना। जिस तरह लड़कियों को चॉकलेट्स बहुत ही पसंद होता है, उसी तरह लड़कों को भी चॉकलेट्स अच्छा लगता है तो आप उन्हें अलग-अलग तरह के चॉकलेट्स एक डिब्बे में भरकर उन्हें पैक कर दे सकते हैं या ऑनलाइन आर्डर कर भेज सकते हैं।

2. **परफ्यूम :** हम सबको परफ्यूम बेहद पसंद होता है। आप कोई भी ब्रांडेड परफ्यूम को तोहफे के रूप में अपने साथी को भेंट कर सकते हैं, ये तोहफा उनको बहुत अच्छा लगेगा।

3. **वॉलेट :** वैसे तो आज कल सभी जेब में ऑनलाइन वॉलेट जैसे Mobikwik, Paytm, BHIM App इत्यादि अपने मोबाइल में रखते हैं पर वॉलेट भी अभी बंद नहीं हुआ है। आप चाहे तो अपने बॉयफ्रेंड को leather का stylist वॉलेट भी गिफ्ट में दे सकते हैं।

4. **गुलाब:** लड़कियों को rose बहुत ही पसंद होता हैं, चाहे वो natural हो या artificial अगर आपको natural गुलाब का फूल देना है तो आप बाजार से ताजे फूल के गुलदस्ते दे सकते हैं, ये लड़कियों को काफी रोमांटिक लगता है। अगर आपको artificial फूल देना है तो आप ऑनलाइन amazon या flipkart से खरीद कर भी दे सकते हैं।

5. **प्रिंटेड कॉफी मग :** आप coffee mug में अपने प्रेमी का फोटो या फिर I Love You लिखकर Print करवा सकते हैं। ये दिखने में बहुत ही सुंदर लगता है, जो चाहे लड़का हो या लड़की अपने प्यार को उपहार में दे सकता है। जब आप ये अपने चाहने वाले को देंगे तो उन्हें बहुत खुशी होगी और प्यार का रिश्ता भी मजबूत होगा।


6. **लेडीज पर्स :** यह वैलेंटाइन गिफ्ट खासकर लड़कियों या महिलाओं को देने के लिए जबरदस्त है। शायद ही कोई लड़की होगी, जिसको purse या handbag पकड़ना अच्छा न लगता हो। अगर आप ऑनलाइन वेबसाइट पर सर्च करेंगे तो आपको बहुत से variety के बढ़िया-बढ़िया purse देखने को मिलेंगे, उनमे से आप सेलेक्ट कर गिफ्ट कर सकते हैं।

# भारत के इतिहास में अमर हो गई प्यार की ये कहानियां

### अमर प्रेम का प्रतीक ताजमहल

वेलेंटाइन वीक चल रहा है। हर दिन किसी खास चीज को लेकर मनाया जाता है। गुलाब देने से लेकर प्रपोज करने तक हर दिन बेहद खास होता है। भले ही भारतीय समाज में वेलेंटाइन डे को अच्छी दृष्टी से न देखा जाता हो,

लेकिन इसी भारत में बहुत सी प्यार की कहानियां है। जिनके प्रमाण आज भी है। आगरा का ताजमहल हो या मांडवा का किला ये सब अमर प्यार की जीती जागती तस्वीरें पेश करते हैं। तो चलिए जानें ऐसी ही कुछ ऐतिहासिक प्रेम कहानियों के बारे में जो भारत के गौरवशाली इतिहास से निकली हुई हैं।



### शाहजहां और मुमताज की मोहब्बत

प्यार की निशानी के रूप में पूरी दुनिया में मशहूर ताजमहल मुगल बादशाह शाहजहां और मुमताज के अमर प्रेम की कहानी कहता है। शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज के लिए सफेद संगमरमरों का किला बनवाया जो आज के समय ताजमहल के नाम से मशहूर है। ताजमहल में बादशाह और उनकी बेगम की कब्र बनी हुई है।

### पृथ्वीराज चौहान और संयुक्ता का प्रेम

राजपूतों के शौर्य से तो पूरा इतिहास भरा पड़ा है। इसी में से एक थे पृथ्वीराज चौहान। चौहान राजवंश के राजा पृथ्वीराज को अपने दुश्मन कन्नौज के राजा जयचंद की बेटी संयुक्ता से प्रेम हो गया। जयचंद को जब इस बारे में पता चला तब वो काफी क्रोधित हुए और संयुक्ता के स्वंयवर का आयोजन किया। इस स्वयंवर में उन्होंने कई राजकुमारों को बुलाया लेकिन जयचंद ने पृथ्वीराज को निमंत्रण नहीं दिया और अपने दरबार के बाहर उसका एक पुतला बनवाकर दरबान के तौर पर खड़ा कर दिया। संयुक्ता से जब वरमाला डालने के लिए कहा, तब वो उस सभा में मौजूद सभी राजकुमारों को छोड़ कर द्वार पर चली गई और पृथ्वीराज के पुतले को माला पहना दी। उस पुतले के पीछे पृथ्वीराज पहले से मौजूद थे और सबके सामने वो संयुक्ता को अपने साथ भगा कर ले गए।

### बाजबहादुर और रूपमती की प्रेम गाथा

मध्यप्रदेश के मालवा राज्य के राजा बाजबहादुर की प्रेम गाथा यहां के किलों में आज भी गूंजती है। शिकार पर निकले हुए राजा को एक साधारण स्त्री रूपमती से प्रेम हो गया। दुनिया की परवाह न करते हुए बाजबहादुर ने रूपमती से विवाह किया और उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकारा।

### बाजीराव-मस्तानी की मोहब्बत-ए-दास्तां

मराठों के जांबांज योद्धा बाजीराव की प्रेम कहानी पर फिल्म बनने के बाद लोगों का ध्यान इनकी अद्भुत प्रेम कहानी पर गया। बाजीराव ने बुंदेलखंड के राजा छत्रसाल की बेटी मस्तानी से प्रेम हो गया। हांलाकि उनके इस विवाह को समाज की मान्यता नहीं मिली। लेकिन जीवन के अंत तक दोनों की सांसे एक दूसरे से बंधी रहीं।

### बिंबिसार और आम्रपाली की प्रेम कहानी

भारत के शूरवीर राजाओं की प्रेम कहानियां भी बहुत ही अद्भुत हैं। ऐसी ही एक प्रेम कहानी राजा बिंबिसार की है। कहते हैं कि राजा बिंबिसार को राज्य की सबसे खूबसूरत नर्तकी से प्रेम हो गया था। युद्ध के दौरान घायल बिंबिसार की सेवा आम्रपाली ने एक साधारण सैनिक समझ कर की थी और नर्तकी के रूप से मोहित होकर राजा ने उससे विवाह कर लिया था।

### जानें इन देशों में कैसे मनाया जाता है वैलेंटाइन डे

वैलेंटाइन डे प्यार का दिन है, प्यार करने वालों का दिन है। मोहब्बत के इजहार का दिन है, लेकिन भारत में हर साल इस दिन को मनाने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहती है। लेकिन दुनिया के कई देश ऐसे है जहां इस त्यौहार को मनाने के लिए तैयारियां काफी पहले से शुरू हो जाती हैं। अलग-अलग देशों में वैलेंटाइन डे सेलीब्रेट करने के अपने अलग तरीके और अपनी अलग-अलग परंपराएं हैं। जानें कैसे इन 10 देशों में वैलेंटाइन डे मनाने के अलग-अलग रिवाज है-

**इटली:** इटली में वैलेंटाइन डे स्प्रिंग फेस्टिवल के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर लोग बगीचों में इकट्ठा होते हैं और संगीत का आनंद उठाते हैं। कुंवारी लड़कियों सुबह ही उठ जाती है। यह परपंरा है कि सुबह-सुबह जो पुरुष महिला को दिखा, संभवतः वो ही महिला का होने वाला पति होगा।

**डेनमार्क:** 1990 से डेनमार्क में वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। वैलेंटाइन डे पर यहां पुरुष महिलाओं को एनोनिमस कार्ड भेजते हैं जिसे जोकिंग लेटरक कहा जाता है। जिसे महिलाओं को उनके नाम का अंदाजा लगाना होता है। जो महिला भेजने वाले का नाम पहचान जाती है उसे बाद में ईस्टर एग दिया जाता है।

**फ्रांस:** फ्रांस को दुनिया की सबसे रोमांटिक जगह है। यह वैलेंटाइन डे पर एक परंपरा है, जिसमें लड़के-लड़की को जोड़ा बनाया जाता है। अगर पुरुष को महिला पसंद नहीं तो वह उसे छोड़कर दूसरी महिला को पसंद कर सकता है।

**दक्षिण कोरिया:** दक्षिण कोरिया में हर महीने की 14 तारीख को प्यार के दिन के तौर पर सेलीब्रेट किया जाता है। वैलेंटाइन डे के मौके पर महिलाएं पुरुषों को चॉकलेट्स और तोहफे देती हैं और अगले महीने 14 मार्च यानी व्हाइट डे पर पुरुष महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट देते हैं।

**वेल्स:** यहां के लोग 25 जनवरी को वैलेंटाइन डे मनाते है। इस मौके पर एक दूसरे को लकड़ी के चम्मच तोहफे में देते हैं, इन्हें लव स्पून्स कहते हैं। खास बात ये होती है कि चम्मच के डिजाइन में कोई न कोई संदेश छिपा होता है।

**ब्राजील:** ब्राजील में फूल, चॉकलेट्स, कार्ड और तोहफों के साथ मनाया जाता है। यहां 12 जून को वैलेंटाइन डे मनाया जाता है।

# विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी बजट विधायक अंशुमान सिंह भाटी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बजट बताया है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व तथा उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के आठ करोड़ नागरिकों की आशाओं अपेक्षाओं और आकांक्षाओं का सशक्त प्रतिबिंब है। विधायक भाटी ने विशेष रूप से कोलायत विधानसभा क्षेत्र को मिली सौगातों का उल्लेख करते हुए कहा कि देशनोक में चौबीस घंटे सातों दिन पेयजल आपूर्ति के लिए सात सौ पचास करोड़ रुपए का प्रावधान ऐतिहासिक निर्णय है इससे मां करणी की नगरी देशनोक सहित आसपास के क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को नई मजबूती मिलेगी ग्राम नोखा दैया जलयोजना के सुधार और सुदृढ़ीकरण के लिए स्वीकृत राशि को भी उन्होंने सराहनीय बताया नहरी क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए पन्नालाल



बारूपाल लिफ्ट नहर प्रणाली के जीर्णोद्धार हेतु साठ करोड़ रुपए कोलायत लिफ्ट नहर प्रणाली के पुनर्निर्माण मरम्मत एवं आधुनिकीकरण के लिए पचास करोड़ रुपए बरसलपुर शाखा नहर प्रणाली की बुर्जी संख्या शून्य से एक सौ चौदह तक चौबीस हजार सड़सठ हेक्टेयर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त खालों के जीर्णोद्धार हेतु एक सौ आठ करोड़ रुपए तथा इंदिरा गांधी मुख्य नहर की बुर्जी आठ सौ साठ से नौ सौ इकसठ के मध्य नौ हजार चार सौ छिहत्तर हेक्टेयर क्षेत्र में सीधे माइनर और मोघों के जीर्णोद्धार के लिए अड़तालीस करोड़ रुपए की घोषणा को उन्होंने किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया

विधायक भाटी ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ा को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में क्रमोन्नत करना ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेगा ग्राम बीकोलाई में सौर पार्क निर्माण तथा थार सांस्कृतिक परिपथ की परिकल्पना से क्षेत्र में रोजगार पर्यटन और आवागमन सुविधाओं का विस्तार होगा उन्होंने कहा कि बीकानेर और जैसलमेर में दो हजार नौ सौ करोड़ रुपए की लागत से चार हजार आठ सौ तीस मेगावाट क्षमता के सौर पार्कों की स्थापना मरुधरा में ऊर्जा क्रांति का मार्ग प्रशस्त करेगी किसानों को दिन में विद्युत आपूर्ति नए ग्रिड उपकेंद्रों की स्थापना तथा विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी युवाओं के लिए दस लाख रुपए तक के स्वरोजगार ऋण तीस हजार युवाओं को प्रत्यक्ष लाभ मेधावी विद्यार्थियों के लिए ई वाउचर पांच सौ विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा तथा राजस्थान राज्य परीक्षण अभिकरण के गठन को उन्होंने युवाशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक पहल बताया स्वास्थ्य क्षेत्र में बत्तीस हजार पांच सौ छब्बीस करोड़ रुपए का प्रावधान जल जीवन मिशन का विस्तार ग्रामीण महिला बीपीओ की स्थापना अटल प्रगति पथ लॉजिस्टिक पार्क और अधोसंरचना विकास की योजनाओं को विधायक भाटी ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला बताया कि विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने कहा कि सरकार ने संकल्प पत्र की तीन सौ बानवे घोषणाओं में से दो सौ बयासी को दो वर्षों में पूर्ण कर जनविश्वास को सुदृढ़ किया है यह बजट किसान युवा महिला मध्यम वर्ग और वंचित वर्ग के समग्र सशक्तीकरण का ठोस दस्तावेज है। अंत में विधायक भाटी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट राजस्थान को समृद्ध आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना में वीकेजी मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन




**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद** । रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना द्वारा अपने संस्थापक श्री विनोद कुमार गोम्बर की पावन स्मृति में 12 से 14 फरवरी 2026 तक वीकेजी मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट का शुभारम्भ हुआ। यह तीन दिवसीय आयोजन खेल भावना, एकता एवं समग्र व्यक्तित्व विकास उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ रैफल्स विश्वविद्यालय के माननीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) आर. एस. सांगवान के स्वागत संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता के विकास में खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय डॉ. जस्टिस मीना वी. गोम्बर, अध्यक्ष, गोम्बर एजुकेशन फाउंडेशन ने उद्घाटन किया एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स (रेस, शॉट पुट एवं लॉन्ग जंप) तथा रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों और अन्य विद्यालय और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# नापासर में अब्राहम लिंकन की 217वीं जयंती पर गूँजा शिक्षा और समानता का संदेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नापासर/बीकानेर।**

अब्राहम लिंकन की 217वीं जयंती के अवसर पर नापासर में मानव जन जागृति संस्थान द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेघवालों का अगुणा बास स्थित गुसाँई मंदिर के पास आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता पार्षद मंजू देवी झंवर ने की। समारोह के मुख्य वक्ता एवं शिक्षक नेता सोहनलाल गोयल ने लिंकन के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अमेरिका में प्रचलित अमानवीय दास प्रथा के खिलाफ ऐतिहासिक कदम उठाया। 1 जनवरी 1863 को दास प्रथा उन्मूलन कानून लागू कर लिंकन ने दुनिया को 'मानव-मानव एक समान' का संदेश



दिया। उन्होंने कहा कि उस समय दासों के साथ पशुओं से भी बदतर व्यवहार किया जाता था, जिसे लिंकन के साहसी निर्णयों ने समाप्त किया। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति समर्पण की प्रेरक मिसाल भी देखने को मिली। उप प्राचार्य राकेश सहारन ने जानकारी दी कि व्याख्याता श्रवण बेनीवाल (भूगोल, गीता देवी बागड़ी राबाउमावि) ने अपने कार्यकाल के दौरान भूगोल विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 61 छात्राओं को 10-10 ग्राम के चांदी के सिक्के भेंट किए। इसके अलावा भूगोल विषय में 100' अंक प्राप्त करने वाली 7 छात्राओं को ?2000 के चेक देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और निस्वार्थ सेवा भावना के लिए संस्थान द्वारा श्रवण बेनीवाल को शॉल व साफा पहनाकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

## बालिका शिक्षा को बढ़ावा

संस्थान सचिव रामेश्वर लाल कड़ेला ने बताया कि नायक समाज में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली चार छात्राओं का माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान व्याख्याता श्रवण बेनीवाल, कनीराम पंवार, भवरलाल पंवार, राजकुमार नायक, शिवरतन मेघवाल, अध्यापक ओमप्रकाश पंवार और कैलाश चंद्र पंवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विधायक राजेंद्र मीणा ने विधानसभा में जल जीवन मिशन की गड़बड़ियों पर सरकार को घेरा, गर्मियों में पानी पर मांगा जवाब

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल** । राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को महवा क्षेत्र के पेयजल संकट की आवाज मजबूती से उठी, जब विधायक राजेंद्र मीणा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से आगामी गर्मियों में आमजन को पानी उपलब्ध कराने की ठोस और समयबद्ध योजना पर सरकार से जवाब तलब किया। विधायक ने सदन में स्पष्ट कहा कि जल जीवन मिशन के नाम पर पूर्व सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार और लापरवाही का खामियाजा आज महवा की गांव-ढाणियों को भुगतना पड़ रहा है, जहां हर घर नल से जल का सपना कागजों में सिमट गया है और जमीनी हकीकत में नल सूखे पड़े हैं। उन्होंने बताया कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे ठेके दिए गए, काम अधूरे छोड़े गए और कई योजनाएं अदालतों में उलझकर रह गईं, जिससे आने वाली गर्मियों में क्षेत्र में पानी की किल्लत और बढ़ने की आशंका है।

ूरक प्रश्न में विधायक ने मैसर्स गणपति ट्यूबवेल कंपनी और श्याम ट्यूबवेल कंपनी को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर ठेके दिए जाने का मुद्दा उठाया और कहा कि जांच के बाद दोनों फर्मों को ब्लैकलिस्ट किया गया, लेकिन न्यायालय से स्टे मिलने के कारण वर्षों से काम अटका पड़ा है।



विधायक ने सदन में तीखा सवाल रखा कि जब लगभग डेढ़ वर्ष से उच्च न्यायालय में मामले लंबित हैं और एक लाख से अधिक कनेक्शनों से जुड़े काम अधूरे पड़े हैं, तो सरकार इस गर्मी में महवा के लोगों की प्यास कैसे बुझाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सदन में स्वीकार किया कि जल जीवन मिशन में पूर्व में गंभीर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रकरणों की जांच ईडी और सीबीआई द्वारा की गई है, 200 से अधिक अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, 16 सीसी के तहत चार्जशीट जारी हो चुकी हैं और एसीबी में मुकदमे दर्ज कराने की अनुमति देकर कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। मंत्री ने यह भी कहा कि गणपति ट्यूबवेल और श्याम ट्यूबवेल कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया गया है और उनके जरिए किए गए कार्यों की गहन समीक्षा कराई जा रही है, हालांकि न्यायालयीन प्रक्रिया के कारण कई जगह योजनाओं का काम रुका हुआ है। सरकार की ओर से सदन में भरोसा दिलाया गया कि जहां योजनाएं अदालती पेंच में फंसी हैं, वहां आगामी गर्मियों में सिंगल फेज ट्यूबवेल, टैंकर और अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं के जरिए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी गांव-ढाणी को पानी के लिए भटकना न पड़े। मंत्री ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और विभाग स्तर पर निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। महवा क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल संकट आमजन की सबसे बड़ी समस्या बना हुआ है। कई गांवों और ढाणियों में अधूरी पड़ी योजनाएं, जर्जर पाइपलाइनें और अनियमित आपूर्ति के कारण लोगों को गर्मियों में दूर-दूर से पानी ढोना पड़ता है। ऐसे में विधानसभा में विधायक राजेंद्र मीणा द्वारा उठाया गया मुद्दा ग्रामीणों की पीड़ा की सीधी आवाज बनकर सामने आया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह सवाल सही मंच पर उठाया गया है, जिससे सरकार पर जवाबदेही का दबाव बनेगा और व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जगी है।

# NSUI के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया** । शहीद स्मारक जयपुर में शुक्रवार को एनएसयूआई राजस्थान की ओर से प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष कथित रूप से आत्मसमर्पण की नीति तथा अमेरिका के साथ की गई 0' टैरिफ ट्रेड डील के विरोध में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद में नहीं बोलने दिए जाने एवं उन पर एफआईआर की धमकी देने के विरोध में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि देश की विदेश नीति स्वाभिमान, समानता और राष्ट्रीय हितों पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियाँ भारत के आर्थिक हितों को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ की गई 0' टैरिफ ट्रेड डील



से भारतीय लघु एवं मध्यम उद्योग, किसान, डेयरी सेक्टर तथा घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को गंभीर नुकसान उठाना पड़ सकता है। विदेशी कंपनियों को बिना शुल्क भारतीय बाजार में प्रवेश देने से स्थानीय उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित होगी, जिससे रोजगार के अवसरों में कमी और आर्थिक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रदेशाध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि संसद जैसे सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच पर भी इस महत्वपूर्ण ट्रेड डील पर खुली चर्चा से बचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद में इस ट्रेड डील पर अपनी बात रखने का अवसर नहीं दिया जा रहा, जो लोकतांत्रिक परंपराओं और संसदीय मर्यादाओं के विपरीत है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की आवाज़ दबाने का प्रयास बताया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर, काले गुब्बारे छोड़कर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। विनोद जाखड़ ने केंद्र सरकार से मांग की है कि देशहित से जुड़े किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते की शर्तें सार्वजनिक की जाएं तथा राष्ट्र के आर्थिक और राजनीतिक स्वाभिमान से कोई समझौता न किया जाए।एनएसयूआई ने देशहित में लिए गए निर्णयों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और विवादित नीतियों पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

# लाखू गाँव के शनि मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति स्थापित

## सुभाष-पुष्पा भगेरिया के सहयोग से संपन्न हुआ पुनीत कार्य

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

समीपवर्ती लाखू गाँव स्थित शनि मंदिर परिसर में शुक्रवार को भक्ति और उल्लास के साथ शिव परिवार की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र का वातावरण शिवमय हो गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। इस भव्य आयोजन में मुख्य सहयोग प्रवासी उद्यमी सुभाष भगेरिया और अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन वैश्य महिला महासम्मेलन झुंझुनूं की जिला संरक्षक पुष्पा भगेरिया का रहा। भगेरिया परिवार के इस सेवाभावी प्रयास की ग्रामीणों ने



सराहना की। स्थापना समारोह का शुभारंभ पंडित नागेंद्र शर्मा 'निकुंज' के सानिध्य में हुआ। पंडित मांगेलाल, हजारीलाल और प्रदीप शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। मुख्य यजमानों ने हवन कुंड में आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की और भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। अनुष्ठान की पूर्णाहुति के पश्चात उपस्थित जनसमूह को प्रसाद वितरित किया गया। समारोह में भगेरिया परिवार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें शकुंतला भगेरिया, गौरव-मानसी भगेरिया, रितेश-राधिका भगेरिया, अनिल-रेणू भगेरिया, सुमन धारीवाल, अभिषेक धारीवाल, करण भगेरिया, विजय जांगिड़, मंजू जांगिड़, धनसीराम अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, अमित गोयल, बबीता गोयल, आस्था जांगिड़, बबलू गोयल और शुभम गोयल सहित कई ग्रामवासी शामिल थे।

# बेटियों के सम्मान में उमंग उत्सव: काठ का माजरा और मोलाडिया में सम्मान समारोह का आयोजन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**(रमेशचंद)** । नीमराना नगरपालिका क्षेत्र के गांव काठ का माजरा और मोलाडिया में बेटी जन्मोत्सव को उमंग उत्सव के रूप में मनाते हुए दो अलग-अलग सम्मान समारोह आयोजित किए गए। काठ का माजरा में जन्मी नन्ही बेटी हुमीशा, पुत्री श्री जगबीर चौधरी एवं श्रीमती मौसम देवी, के जन्म की खुशी को सार्वजनिक सम्मान के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी के नेतृत्व में बच्ची के माता-पिता का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा नवजात बेटी के लिए खिलौने देकर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर नम्बरदार संजय यादव, नगर उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, नगर उपाध्यक्ष महावीर चर्खिया, अरुण चौधरी, रामजस झगडोलिया, रतन चौधरी, अमित चौधरी, अरूण चौधरी, कमल सिंह चौधरी, सुनील चौधरी, बच्ची के दादा रणसिंह चौधरी एवं दादी बिरमा देवी सहित अन्य सम्मानित ग्रामीण मौजूद रहे। इसी क्रम में, मोलाडिया गांव में जन्मी बेटी यशवी पिता ऐश्वर्या, माता मोनिका देवी, दादी सुशीला देवी, दादा सुरेंद्र कुमार, परदादी संजना देवी और परदादा



गुरदयाल सिंह को सम्मानित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना, उन्हें सम्मान देना तथा परिवारों को बेटियों के जन्म पर गर्व का अहसास कराना है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी ने बताया कि समाज में बेटियों को बराबरी का दर्जा दिलाने और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसी सोच को मजबूत करने के लिए यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि बेटियाँ परिवार और समाज का गौरव हैं और उनके जन्म को खुशी के साथ मनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित नगर उपाध्यक्ष कांग्रेस संजय कुमार यादव, नगर उपाध्यक्ष नीमराना महावीर प्रसाद चर्खिया, प्रशांत शर्मा मीडिया प्रभारी, जयपाल यादव, रोडवाल पत्रकार धर्मेंद्र चर्खिया आदि उपस्थित रहे।

# एडीजीपी हिसार रेंज ने किया फतेहाबाद पुलिस लाइन के मालखाना का निरीक्षण

## एनडीपीएस मामलों की केस प्रॉपर्टी का लिया विस्तृत जायजा, दिए सख्त एवं पारदर्शी प्रबंधन के निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा** । हिसार रेंज के एडीजीपी कृष्ण कुमार राव, आईपीएस ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित मालखाना का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त की गई केस प्रॉपर्टी/मदों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया तथा उनके सुरक्षित रख-रखाव, रिकॉर्ड संधारण एवं कानूनी प्रक्रिया के अनुपालन संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली।एडीजीपी ने मालखाना प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा करते हुए जब्तशुदा सामग्री के वैज्ञानिक संरक्षण, सटीक अभिलेख संधारण तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुरक्षित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि या बाधा उत्पन्न न हो।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्राइम कुलबंत सिंह, प्रवक्ता संदीप कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत एडीजीपी राव ने पुलिस लाइन के सभागार हॉल में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, अपराध नियंत्रण की रणनीति, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा विशेष अभियानों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। एडीजीपी ने निर्देश दिए कि नशा तस्करी, संगठित अपराध एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर, सख्त एवं परिणाममुखी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने आमजन के साथ संवाद बढ़ाने, संवेदनशील पुलिसिंग अपनाने तथा पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यप्रणाली को और



सुदृढ़ करने पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियानों, अपराध नियंत्रण में प्राप्त सफलताओं एवं नशा विरोधी अभियान की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा आश्वस्त किया कि वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा। फतेहाबाद पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जनविश्वास को और अधिक मजबूत करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल, निजामपुर में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.निजामपुर।**

विद्या भारती पब्लिक स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन राजकुमार यादव ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। समारोह में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप



अपने गुरुजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया, जिससे वातावरण भावनात्मक और गरिमामय बन गया।विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और लघु नाटिकाओं सहित अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हास्य और भावुक क्षणों का सुंदर समावेश देखने को मिला। जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर छात्रों के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह में मिस्टर फेयरवेल का खिताब हितेश पुत्र शेर सिंह निवासी निजामपुर को तथा मिस फेयरवेल का खिताब उदिता किरार पुत्री करतार सिंह निवासी मेहाड़ा गुर्जरवास को प्रदान किया गया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## मार्गदर्शन और प्रेरक संबोधन

संस्था की वाइस चेयरपर्सन उषा यादव ने विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालयीन शिक्षा और महाविद्यालयीन शिक्षा में काफी अंतर होता है। बारहवीं कक्षा के पश्चात विद्यार्थियों को अपने भविष्य का मार्ग स्वयं तय करना पड़ता है, इसलिए लक्ष्य स्पष्ट रखें और परिश्रम को अपना साथी बनाएं। प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्र यादव, प्राचार्य विनोद कुमार तथा प्राइमरी इंचार्ज विजय सोनी सहित अन्य अध्यापकगण भी समारोह में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य विनोद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी विद्यालय की पहचान उसके विद्यार्थियों से होती है। आप जिस भी क्षेत्र में जाएं, अपने विद्यालय, गुरुजनों और अभिभावकों की प्रतिष्ठा को बनाए रखें। यही एक सच्ची गुरुदक्षिणा है। अंत में चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम भावुक माहौल के बीच संपन्न हुआ, जहां विद्यार्थियों ने शिक्षकों से आशीर्वाद लेकर नए जीवन की ओर कदम बढ़ाने का संकल्प लिया।

# गठियाबाय के इलाज में 'कार-टी' तकनीक बन सकती है वरदान- डॉ प्रवीण हिसारिया

## ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रवीण हिसारिया ने दी बड़ी जानकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़.।**

ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित चिकित्सक और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े सरकारी रॉयल एडिलेड हॉस्पिटल के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार हिसारिया ने कहा है कि आने वाले पांच-छह वर्षों में कैंसर की तरह गठियाबाय (रूमेटाइड आर्थराइटिस) जैसी ऑटोइम्यून बीमारियों की रोकथाम के लिए ष्टड्ड-ञ्ज 'कार-टी' सेल थेरेपी एक प्रभावी विकल्प बनकर सामने आ सकती है। उन्होंने इसे गठियाबाय मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं बताया। डॉ. हिसारिया 11 वर्षों बाद अपने गृह नगर झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ कस्बे में पहुंचे। जहां उन्होंने विप्र मंडल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सेवाएं दीं। यह शिविर उनके दादा स्वर्गीय सीताराम हिसारिया की स्मृति में उनके पिता शशि हिसारिया की ओर से आयोजित किया गया था। शिविर में लगभग 200 से अधिक मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया। डॉ. हिसारिया ने बताया कि 'कार-टी' सेल थेरेपी वर्तमान में मुख्य रूप से ब्लड कैंसर के उपचार में उपयोग हो रही है। यह तकनीक शरीर की प्रतिरक्षा कोशिकाओं (टी सेल्स) को संशोधित कर बीमारी से लड़ने के लिए सक्षम बनाती है। उन्होंने बताया कि रूमेटाइड गठिया जैसी बीमारियों में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से अपने ही जोड़ों पर हमला करती है। ऐसे में 'कार-टी' तकनीक भविष्य में उन गलत बी-सेल्स को समाप्त कर सकती है। जो ऑटोएंटीबॉडी बनाकर सूजन और दर्द का कारण बनती हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि



गठियाबाय में इसका उपयोग अभी शोध और क्लिनिकल ट्रायल के चरण में है। लेकिन प्रारंभिक अध्ययनों में सकारात्मक संकेत मिले हैं। इससे पहले मंडावा से आए महाराज गणेश चैतन्य ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। विप्र मंडल के ओमप्रकाश सर्राफ, रामस्वरूप बासोतिया, मुरारीलाल, नरोत्तम शर्मा, शेखर मिश्रा, महेश मिश्रा, पवन नागवान ने शिविर में सहयोग दिया। वहीं अंत में राकेश हिसारिया व संदीप हिसारिया ने आभार जताया।

### हर जोड़ का दर्द हड्डी का रोग नहीं

डॉ. हिसारिया ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हर जोड़ का दर्द केवल ऑर्थोपेडिक समस्या नहीं होता। कई बार यह ऑटोइम्यून बीमारी का संकेत हो सकता है। इसलिए सही बीमारी की पहचान कर क्लिनिकल इम्यूनोलॉजिस्ट या रूमेटोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है। उन्होंने चिकित्सा परिपाटी में बदलाव की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सही निदान ही सही उपचार की कुंजी है। गठियाबाय के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, अस्वस्थ खान-पान, धूप से दूरी और आनुवंशिक कारण इसके प्रमुख कारक हैं। उन्होंने लोगों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और पर्याप्त धूप लेने की सलाह दी।

### इम्यून सिस्टम को 'रीसेट' करेगा 'कार-टी'

डॉ. हिसारिया के अनुसार, यदि 'कार-टी' तकनीक गठियाबाय में सफल होती है। तो यह केवल लक्षणों को नियंत्रित करने तक सीमित नहीं रहेगी। बल्कि इम्यून सिस्टम को 'रीसेट' कर लंबे समय तक रोग को शांत रखने में सक्षम हो सकती है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभी बड़े स्तर के शोध और परीक्षण बाकी हैं, लेकिन चिकित्सा विज्ञान इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित चिकित्सक की यह जानकारी गठियाबाय मरीजों के लिए नई आशा लेकर आई है। आने वाले वर्षों में 'कार-टी' तकनीक यदि सफल होती है। तो यह ऑटोइम्यून बीमारियों के उपचार में एक ऐतिहासिक बदलाव साबित हो सकती है। अभी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। लेकिन संभावना है कि अगर शोध सफल रहा, तो यह कुछ मरीजों में लंबे समय तक बीमारी को शांत कर सके। 'कार-टी' सेल थैरेपी का उपयोग अभी मुख्य रूप से कैंसर में होता है।

### विशेषज्ञों ने दी निशुल्क सेवाएं

इस स्वास्थ्य शिविर में निरमया हेल्थ केयर जयपुर के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. बनवारी शर्मा तथा एसएमएस जयपुर के विशेषज्ञ डॉ. अविनाश जैन ने भी मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश सर्राफ, शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रभारी पशुपति कुमार शर्मा, राकेश लाटा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने चिकित्सकों का सम्मान किया।

# 17 हजार रुपये के टैब पुरस्कार सहित कई बड़ी घोषणाओं के साथ सफल रहा जलदीप स्कूल का वार्षिकोत्सव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

जलदीप स्कूल कुहाड़वास में वार्षिकोत्सव 'धैर्य' धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। रंगारंग प्रस्तुतियों, सम्मान समारोह और भविष्य की महत्वपूर्ण घोषणाओं के साथ कार्यक्रम यादगार बन गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बुहाना थाना की सर्किल इंस्पेक्टर विमला बुडानिया रहीं। विशिष्ट अतिथियों में मोनू कुल्हार भावी सरपंच पद उम्मीदवार, मीर सिंह कुल्हार भावी सरपंच पद उम्मीदवार, रमेश भालोठिया सरपंच कुहाड़वास तथा जयवीर सिंह हवलदार शामिल रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन अजय श्योराण ने की। निदेशक मोहिनी देवी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

छात्रों ने फिल्मी, पंजाबी, हरियाणवी और राजस्थानी गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर विद्यार्थियों को भावपूर्ण फेयरवेल दिया। पर्ची प्रणाली के माध्यम से कराए गए मनोरंजक एक्टिविटी कार्यक्रम का आकर्षण रहे। सीनियर विद्यार्थियों ने भी शिक्षकों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया।

### मेधावी छात्रा खुशबू को मिला सत्रह हजार रुपये का टैब

विद्यालय की छात्रा खुशबू पुत्री नरेश कुमार निवासी कुहाड़वास को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा दसवीं में पचानवे प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यालय की ओर से सत्रह हजार रुपये का टैब पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया।





विद्यालय परिवार ने माला और साफा पहनाकर उसका सम्मान किया।

### शिक्षकों और अतिथियों की घोषणाएं

विद्यालय के गणित अध्यापक श्री विवेक जांगिड़ ने गणित विषय में सौ में सौ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को अपनी ओर से पाँच हजार एक सौ रुपये देने की घोषणा की। विद्यालय प्रबंधन ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को लैपटॉप देने की घोषणा की। भावी सरपंच पद उम्मीदवार मोनू कुल्हार ने खुशबू को ग्यारह सौ रुपये, विद्यालय को पाँच हजार एक सौ रुपये तथा इस वर्ष परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पाँच हजार एक सौ रुपये और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को तीन हजार एक सौ रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम से प्रसन्न होकर अभिभावकों ने भी स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मुख्य अतिथि विमला बुडानिया ने नारी शक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के एक जरूरतमंद छात्र की शिक्षा का संपूर्ण खर्च स्वयं वहन करने की घोषणा की, जिसकी उपस्थित जनों ने सराहना की।

### नई योजनाओं की जानकारी

कार्यक्रम का संचालन संस्था के नए प्रबंधन सदस्य रामदेव ने किया। उन्होंने विद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर, अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला, छात्र छात्राओं के लिए आवासीय छात्रावास, सैनिक और नवोदय विद्यालय की तैयारी हेतु विशेष कोचिंग जैसी भावी योजनाओं की जानकारी दी। विद्यालय के कला एवं शिल्प तथा कृषि बैच द्वारा तैयार किए गए बगीचे को देखकर अभिभावक अभिभूत हो गए। विभागाध्यक्ष नीतू सिंह द्वारा लिए गए साक्षात्कार में अभिभावकों ने विद्यालय को क्षेत्र की उभरती हुई उत्कृष्ट संस्था बताया और विद्यालय प्रबंधन से पूर्ण संतोष व्यक्त किया।

### स्टाफ का रहा सराहनीय योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक सुनील भगासरा, कंवरपाल, नीतू सिंह, धर्मेंद्र कुमार, शिव कुमार, विवेक जांगिड़, पूजा जांगिड़, सोनिका, प्रमिला, अमित, नवीन, रेनू, खुशबू, अनुज, सुमन, पूनम, प्रियंका, रीतू, मधु, सरोज सहित समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। उत्साह, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के साथ संपन्न हुआ यह वार्षिकोत्सव क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देने में सफल रहा।

# रैफल्स विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** शुक्रवार को रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना ने सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर नारी शक्ति, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न सार्थक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रैफल्स विश्वविद्यालय के माननीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) आर. एस. सांगवान के उद्घाटन संबोधन से हुआ। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला तथा लैंगिक समानता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर दिया। उत्सव के अंतर्गत स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज़ एंड सोशल साइंसेज़ की डॉ. प्रीति राज द्वारा महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया। इस सत्र में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा शिक्षा और आत्मविश्वास के माध्यम से सशक्तिकरण के महत्व पर




जागरूकता प्रदान की गई। विश्वविद्यालय ने परिसर से बाहर भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए ग्राम डवानी और ढूंढाड़िया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वच्छता की आदतों और बालिका शिक्षा के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया। संकाय सदस्यों ने ग्रामीण महिलाओं के साथ सक्रिय संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य, स्वच्छता और बालिका शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

# हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की नियमित मॉनिटरिंग करें चिकित्साधिकारी: डॉ. भवानी शंकर गहलोत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नोखा।**

पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को नोखा और पांचू ब्लॉक की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अधिकारी भवानी शंकर गहलोत ने की। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. गहलोत ने यू विन पोर्टल पर शत प्रतिशत टीकाकरण प्रविष्टि सुनिश्चित करने, शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव और पूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त किया जाए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, परामर्श और रेफरल व्यवस्था मजबूत रखी जाए।

### मौसमी बीमारियों की रोकथाम के निर्देश

जिला क्षय रोग अधिकारी C S Modi ने टीबी स्क्रीनिंग और डॉट्स उपचार पद्धति की जानकारी देते हुए सक्रिय खोज अभियान चलाने पर बल दिया। बढ़ती गर्मी और मौसम परिवर्तन को देखते हुए डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए चिकित्सा संस्थानों में स्वच्छता बनाए रखने तथा संसाधनों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए।

### परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा

ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोखा कैलाश गहलोत ने दो बच्चों के बाद नसबंदी के लिए योग्य दंपत्तियों को प्रेरित करने, अंतरा इंजेक्शन तथा प्रसवोत्तर गर्भनिरोधक साधनों के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। कम प्रगति वाले संस्थानों को सुधार के लिए पाबंद किया गया। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी पांचू रामरतन विश्नोई ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर अनुप्रयोग और एकीकृत स्वास्थ्य



सूचना पोर्टल पर प्रतिदिन डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा।

### एनीमिया मुक्त राजस्थान पर फोकस

खंड कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश रंगा ने गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोलियों की नियमित उपलब्धता और सही उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए एएनएम को निर्देशित किया।बैठक में खंड हेल्थ सुपरवाइजर दिनेश आचार्य ने योग्य दंपत्ति सर्वे की जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के योगेश शर्मा ने टीकाकरण सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण दिया तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनिल चारण ने खसरा रोग की रिपोर्टिंग और सर्वे प्रक्रिया पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

### आरसीएचओ का अभिनंदन

पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार नोखा आगमन पर बीसीएमओ सहित चिकित्सा कार्मिकों ने डॉ. भवानी शंकर गहलोत का माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।बैठक में खंड लेखाकार अश्वनी कुमार व्यास, बीएनओ गणेश तालनिया, दोनों ब्लॉकों के चिकित्साधिकारी प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के हेल्थ सुपरवाइजर तथा एएनएम उपस्थित रहे। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्यों को समयबद्ध पूर्ण करने का संकल्प लिया गया।

# मंडावर थाना इलाके में घर में घुसकर मारपीट व छत से पथराव में युवक की आंख जख्मी करने का मामला थाने में हुआ दर्ज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

मंडावर थाना क्षेत्र में एक परिवार को निशाना बनाकर नामजद लोगो के द्वारा सुनियोजित तरीके से दो दिनो तक मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पहले रास्ता रोककर गाली-गलौच और मारपीट की गई, फिर घर में घुसकर लाठी-डंडों व पत्थरों से हमला कर महिलाओं से बदसलूकी की गई और एक दिन बाद घर की छतों से पथराव कर पीड़ित युवक की दाहिनी आंख पर जानलेवा वार किया गया। गंभीर नेत्र-चोट के बाद परिजनो के द्वारा पीड़ित को पहले सीएचसी मंडावर, फिर महवा के निजी नेत्र चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जयपुर रेफर किया गया। पीडीत पक्ष ने दृष्टि स्थायी रूप से प्रभावित होने की भी आशंका जताई है।

पीड़ित रिपोर्टकर्ता के अनुसार 11 फरवरी को दोपहर चिकनी मिट्टी ले जाते समय दिल्लू पुत्र कैलाश साहू ने जानबूझकर रास्ता रोककर विवाद खड़ा किया। कुछ ही देर में कैलाश, दिनेश, राजेश व मुकेश पुत्र स्वर्गीय गिर्राज साहू, पंकज पुत्र दिनेश साहू, दीपक व मोनू पुत्र कैलाश साहू, चंदन पुत्र मुकेश साहू तथा उसके परिजन एकराय होकर रास्ते में घात लगाकर खड़े हो गए तथा घर से दुकान जा रहे मोटरसाइकिल सवार पीड़ित युवक के छोटे भाई व उसके पुत्र को आरोपी पक्ष के द्वारा




नीचे गिराकर लाठी-डंडों से पीटा गया। किसी तरह बचकर घर पहुंचे दोनों युवकों के पीछे-पीछे आरोपी भी पीडीत क घर में घुस गये और पूरे परिवार पर हमला व मारपीट की। आरोपी पक्ष के राजेश साहू ने पीडीत की छाती पर डंडे से वार कर गंभीर अंदरूनी चोट पहुंचाई। बचाव में आए छोटे भाई पर मुकेश साहू ने पत्थर से वार किया, जिससे उसकी हाथ की अंगुली में गहरी चोट आई। आरोपी कैलाश साहू ने पीडीत की वृद्ध मां को घसीटकर लाठी से पीटा, जिससे दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव में आई पीडीत की पत्नी के साथ अभद्रता करते हुये, लूगड़ी खींचकर व चोटी पकड़ घसीटा गया और लात-घूंसे मारे गए। पीडीत के पुत्र को पंकज व दीपक ने कंधे व पीठ पर लाठियों से पीटकर चोट पहुंचाई। जाते-जाते आरोपियों ने परिवार को घर से बाहर निकलने पर हाथ-पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकियां दीं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने रसूख का इस्तेमाल कर मंडावर थाने में पीडीत पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिस पर शांति भंग के नाम पर पीड़ित पक्ष के तीन जनों को हिरासत में लेकर राजीनामे पर हस्ताक्षर कराकर छोड़ा गया। इससे आरोपियों के हौसले और बढ़ गए। 13 फरवरी की सुबह जब पीड़ित आरोपी पक्ष के घर के आगे से होकर गुजर रहा था, तब आरोपी पक्ष के सभी नामजद लोगो के द्वारा स्वंय के घरो की छतों से उसके ऊपर पथराव किया गया। तथा मुकेश पुत्र स्वर्गीय गिर्राज साहू द्वारा फेंका गया पत्थर सीधे पीड़ित की दाहिनी आंख पर लगा। दर्द से तड़पते हुये पीड़ित घर पहुंचा तब पीडीत को उसके परिजन तत्काल मंडावर अस्पताल ले गए, जहां नेत्र चिकित्सक के अभाव में महवा स्थित निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ आँख की गंभीर चोट के चलते जयपुर जाकर इलाज कराने की कही गई। मामले को लेकर पीड़ित ने मंडावर थाने में सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसे लेकर पुलिस द्वारा पीड़ित का मेडिकल कराया गया है और पीडीत ने पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंडावर थानाधिकारी प्रवीण मीना ने बताया कि एक दिन पूर्व दोनों पक्षों के लोगों को आपसी झगड़े में शांति भंग की धाराओं में बंद किया गया था। अब पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है, साथ ही पीडीत की चोट का मेडिकल कराया गया है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# जिला परिवेदना समिति की बैठक आज बाल भवन में- डीसी

### हरियाणा के शहरी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल करेंगे अध्यक्षता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया।** जिला के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक शुक्रवार, 13 फरवरी को दोपहर 2 बजे बाल भवन रेवाड़ी स्थित ऑडिटोरियम में होगी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 परिवादों की सुनवाई की जाएगी। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल इन सभी परिवादों तथा मौके पर आम नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे।

## विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक ने 17 दीवार घड़ियां की भेंट

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** टाई स्थित पीएमश्री शहीद मेजर रणवीर सिंह बाबा श्री केसरनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टाई में बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर वरिष्ठ अध्यापक मेघराज पुलकित ने सराहनीय पहल करते हुए 11 हजार रुपये की लागत की 15 छोटी व 2 बड़ी कुल 17 दीवार घड़ियां भेंट कीं। प्रधानाचार्य हरिसिंह कुल्हरी के आग्रह पर लिया गया यह निर्णय विद्यार्थियों को समय प्रबंधन में सहायता देने और परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण होगा। विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों ने शिक्षक के इस योगदान की सराहना की। घड़ियां सभी कक्षाओं में लगाई जाएंगी, जिससे पढ़ाई का वातावरण और व्यवस्थित बनेगा तथा विद्यार्थियों को समय का महत्व समझने में मदद मिलेगी।

## अजेय महायोद्धा महाराजा सूरजमल की जयंती मनाई




भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।

झुंझुनू संस्थापक वीर झुंझा स्मारक स्थल पर अजेय महायोद्धा महाराजा सूरजमल की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। महाराजा सूरजमल स्वाभिमान मंच के संयोजक नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिन्द जालिमपुरा ने बताया कि अपने जीवनकाल के सभी 80 युद्ध जीतने वाले एक ऐसे महान सम्राट जिसने मां भारती की अस्मिता को विदेशी आक्रांताओ से सुरक्षित रखा तथा भारत की संस्कृति और अखंडता को अक्षुण्ण रखने में सर्वोच्च योगदान देने वाले युगपुरुष की जीवनी को हमारी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है जिससे राष्ट्र की युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सकें।सर्वप्रथम सभी गणमान्यजनों ने सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्पअर्पित कर एवं जयघोष कर श्रद्धांजिल दी। तत्पश्चात विचार गोष्टी आयोजित की गई जिसमें सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर झुंझार सिंह संस्था के अध्यक्ष डॉ महेंद्र नेहरा, साहित्यकार राजेंद्र कसवां, सुरेश जाखड़, विजयगोपाल मोटसरा, बाबूलाल थालौड़, महेंद्र सिंह, इंद्राज नेहरा, बूटीराम मोटसरा, रामकुमार झाझडिया, बनवारी जाखड़, डॉ मुकेश एस मुंड और महेश श्योराण उपस्थित रहें।

## हथियारबंद बदमाशों ने दूकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल की करी चोरी

भीम प्रज्ञा न्यूज.लाखेरी।

**विष्णु प्रसाद बैरवा ।** शहर में शुक्रवार की अल सुबह हथियारबंद बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर दहशत फैला दी। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 4 बजे देव नगर क्षेत्र में स्थित एक कार सर्विस की दुकान के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चोरी कर ली गई। बताया जा रहा है कि वारदात में 4 बदमाश शामिल थे, जिनके हाथों में पिस्टल भी नजर आई। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोरी के दौरान बदमाशों ने पास के एक मकान के फाटक का ताला भी तोड़ दिया, लेकिन घर के लोग जाग जाने पर बदमाश मौके से फरार हो गए, पीड़ित द्वारा पुलिस को शिकायत दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है ।क्षेत्र में लगातार बढ़ती वारदातों से स्थानीय लोगों में चोरी के भय का माहौल है।

# कांग्रेस एससी डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार और प्रवक्ता वेद प्रकाश विद्रोही ने कर्मचारियों की हड़ताल का किया समर्थन

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया ।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बृहस्पतिवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के नेतृत्व में जिला रेवाड़ी में विभिन्न विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लिया। इसमें कांग्रेस प्रवक्ता वेद प्रकाश विद्रोही और कांग्रेस एससी डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इसका समर्थन किया। बता दें इस हड़ताल के दौरान उन्होंने विभिन्न संशोधन बिलों, विभागों के निजीकरण का विरोध किया तथा




न्यूनतम 30 हजार वेतन, 800 रुपये न्यूनतम मजदूरी, रुका हुआ डीए जारी करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, कर्मचारियों को पक्का करने, कैशलेस मेडिकल सुविधा, आउटसोर्स व ठेका प्रथा पर रोक सहित विभिन्न मांगें उठाईं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता वेद प्रकाश विद्रोही और एससी डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने कर्मचारियों की सभी मांगों का समर्थन करते हुए आश्वासन दिया कि वह कर्मचारियों के साथ हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित हड़ताल में भाग लेकर कांग्रेस की तरफ से इस देशव्यापी हड़ताल का समर्थन किया। इस दौरान वेद प्रकाश विद्रोही व रमेश ठेकेदार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करके उनकी इस लड़ाई में हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्रोही व रमेश ठेकेदार ने श्रमिकों से कहा कि वह एकजुट होकर नई लेबर कोर्ट का विरोध करें क्योंकि यह लेबर कोड वर्षों से उनके संघर्ष से प्राप्त किए गए विभिन्न श्रम कानून के अधिकार को छीन कर उन्हें पूर्णता उद्योगपतियों के रहमों कर्म पर छोड़ देगा। इस मौके पर नरेश गुरावडा, संदीप रोहड़ाई, ललिता, अनुराधा, ममता बीकानेर, सतबीर, ऋषि चांदनवास, रोहताश, संतलाल, मामराज, धर्मवीर हांसनवास, राजेंदर हांसावास मौजूद रहे।

## बीकानेर: सादगी ने पेश की मिसाल, 1 रूपए और नारियल में संपन्न हुआ विवाह

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।

**सोहनलाल परिहार ।** आधुनिकता के दौर में जहाँ शादियाँ फिजूलखर्ची और दिखावे का पर्याय बनती जा रही हैं, वहीं बीकानेर के मेघवाल समाज ने समाज सुधार की एक नई इबारत लिखी है। यहाँ एक सरकारी पद पर कार्यरत वधू और शिक्षक परिवार से ताल्लुक रखने वाले वर ने मात्र ?1 और एक नारियल में विवाह कर दहेज मुक्त समाज का संदेश दिया है। नमन बारूपालऔर बबीता जयपाल शिवा बस्ती निवासी वरिष्ठ अध्यापक तुलसीराम बारूपाल के पुत्र नमन बारूपाल का विवाह उदासर निवासी जगदीश जयपाल की पुत्री बबीता जयपाल के साथ संपन्न हुआ। विशेष बात यह है कि वधू बबीता स्वयं एक सरकारी कर्मचारी हैं और वर्तमान में दिल्ली में पदस्थापित हैं। शिक्षित और सक्षम होने के बावजूद दोनों परिवारों ने रूढ़िवादी परंपराओं को त्याग कर सादगी को चुना।

### शिक्षा जगत और प्रबुद्धजनों का रहा जमावड़ा

वरिष्ठ अध्यापक तुलसीराम बारूपाल द्वारा पेश की गई इस मिसाल को समर्थन देने के लिए शिक्षा विभाग और समाज के कई गणमान्य लोग पहुंचे। प्रमुख अतिथि



राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के पूर्वप्रदेश सभा अध्यक्ष मोडाराम कड़ेला, रवि शेखर मेघवाल रोहिताश कांटिया दीनदयाल जनागल चित्रभूज परिहार रामलाल परिहार गोपाल राम परिहार दीनदयाल अध्यापक राकेश जयपाल मनीष कोलासर मोतीलाल परिहार वरिष्ठ अध्यापक और शिक्षा विभाग की पूरी टीम ने नवदंपति को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। मेघवाल समाज के जिलाध्यक्ष त्रिलोक जयपाल, झवर पन्नू, हजारी देवड़ा, मांगीलाल परिहार कोलासर खादी मंत्री और पूनमचंद सहित सैकड़ों लोगों ने इस पहल की सराहना की। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के विवाह से समाज में तीन बड़े बदलाव आएंगे।

### मेडिएशन फॉर द नेशन जागरूकता अभियान की शुरुआत

## सरल व सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल: अमित वर्मा

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया ।** मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अमित वर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरुआत की गई है। यह अभियान अदालतों पर मुकदमों के बढ़ते बोझ को कम करने और आम जनता को सरल तथा सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यस्थता के महत्व को रेखांकित करता है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमों को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किए जाएंगे। इस अभियान के अंतर्गत 2 जनवरी से उचित लंबित मुकदमों को समझौता केंद्र रेवाड़ी में भेजा जाएगा तथा मुकदमों में मध्यस्थता केंद्र द्वारा समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद,



दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्य के विवाद, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, विभाजन मामले, भूमि अधिग्रहण मामले तथा अन्य उपयुक्त सिविल मामले अदालतों द्वारा भेजे जाएंगे, जिन लोगों के मुकदमे विभिन्न अदालतों में चल रहे हैं वह संबंधित अदालत के द्वारा अपने मुकदमे समझौते के लिए समझौता केंद्र रेवाड़ी में भिजवा सकते हैं। सचिव अमित वर्मा ने यह भी बताया कि मध्यस्थता द्वारा मामले आसानी से तथा आपसी भाईचारे से सुलझाया जा सकते हैं। इससे समय तथा धन दोनों की ही बचत होती है तथा आपस में भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा आमजन के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 01274-220 062 चलाया हुआ है जिस पर आम जन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## औद्योगिक विकास से ही देश बनेगा पूर्ण विकसित: उद्योग एवं वन, पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह

### रेवाड़ी बार एसोसिएशन ने किया कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह का अभिनंदन

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया ।** हरियाणा के वाणिज्य उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि औद्योगिक विकास से ही कोई राष्ट्र उन्नति की राह पर आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए यह आवश्यक है कि देश में नए उद्योग लगें और भारत के कुल उत्पादन में वृद्धि हो।कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह गुरुवार को रेवाड़ी बार एसोसिएशन की ओर से कोर्ट परिसर में आयोजित अभिनंदन समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। बार एसोसिएशन की मांग पर उन्होंने बार को 25 लाख रुपए का अनुदान और नियमानुसार सीएसआर के तहत संगठन को अनुदान दिलवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि एक उद्योग मंत्री होने के नाते उनका लगातार प्रयास है कि हरियाणा के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नए औद्योगिक सेक्टर विकसित हों। इसी उद्देश्य से उन्होंने रेवाड़ी जिला में एक आईएमटी को मंजूरी दिलवाई है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का भी प्रयास है कि प्रदेश का समुचित औद्योगिक विकास होना चाहिए। मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि एचएसआईडीसी के एमडी जल्दी ही प्रस्तावित आईएमटी की भूमि के लिए किसानों के साथ एक मीटिंग करेंगे, जिससे कि पर्याप्त जमीन इस परियोजना के लिए मिल सके। उन्होंने अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के कार्य में सरकार का सहयोग करें। केवल सरकार के प्रयास से प्रदूषण को काबू नहीं किया जा सकता। इसके लिए आम




उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए रेवाड़ी शहर के एचएसवीपी सेक्टर में सैनिक विश्रामगृह व कैंटीन बनवाने के लिए जमीन ली गई है। इस भवन के बनने से पूर्व सैनिकों तथा अर्धसैनिक परिवारों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की सुविधाएं मिल सकेंगी।

नागरिकों को भी पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को बंद करना चाहिए। इस मौसम में अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, जिससे कि हमारा वातावरण जीवन के अनुकूल रहे। रेवाड़ी बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव ने यह विश्वास दिलाया कि सभी अधिवक्ता प्रदूषण नियंत्रण में अपना सहयोग देंगे और फरवरी से अगस्त माह के बीच तीन हजार से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में बावल व कोसली बार ने भी उद्योग एवं पर्यावरण, वन मंत्री का अभिनंदन किया। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जी.एस. वधवा, एसीजेएम जोगेंद्री सहित अनेक न्यायिक अधिकारी व वरिष्ठ अधिवक्ता अमरजीत यादव, सचिव ब्रह्म यादव, हरिंद्र यादव, जिला पार्षद धर्मेंद्र खटाना, महेश फौजी, भवनीश यादव, पार्षद रोहन आदि मौजूद रहे।

## झुंझुनूं में ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई, सात डंपर जब्त, पांच लाख रुपये वसूले

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।

जिला परिवहन अधिकारी मोनू सिंह मीणा एवं परिवहन निरीक्षक रमेश कुमार यादव और रोहिताश भगासरा ने पुलिस टीम के साथ मिलकर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सघन अभियान जारी रखा है। इसी क्रम में 12 फरवरी 2026 को कार्रवाई करते हुए सात डंपरों को जब्त किया गया तथा लगभग पांच लाख रुपये का राजस्व वसूला गया।अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में ओवरलोड वाहनों पर जुर्माने की राशि बढ़ा दी गई है। अब बीस हजार रुपये मूल जुर्माना तथा एक हजार रुपये प्रति टन के हिसाब से अतिरिक्त जुर्माना वसूला जा रहा है। साथ ही जब्त किए गए सभी वाहनों को तीन दिन के भीतर बढ़ी हुई




बॉडी कटवाकर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में अनुपालन नहीं करने पर वाहन का पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन कार्यालय झुंझुनूं में कार्यरत परिवहन निरीक्षकों को प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सीकर माथूर प्रसाद मीणा द्वारा 25 फरवरी 2025 तक खेतड़ी, बुहाना और सूरजगढ़ क्षेत्र में भी ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी मोनू सिंह मीणा ने अंडरलोड चलने वाले वाहन स्वामियों को आश्वस्त किया कि जब्त वाहनों की बढ़ी हुई बॉडी अनिवार्य रूप से कटवाई जाएगी तथा भविष्य में खाली चलने वाले लेकिन अवैध रूप से बढ़ी हुई बॉडी वाले वाहनों के खिलाफ भी जब्ती और बॉडी कटवाने की सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगने तथा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### फतेहाबाद पुलिस का 8 ड्रग इंस्पेक्टरों के साथ संयुक्त अभियान, नशे के खिलाफ कड़ा प्रहार

# 21 मेडिकल स्टोर, 14 संदिग्ध कन्फेक्शनरी दुकानों व कई खोखों की सघन जांच, अवैध रूप से संचालित क्लिनिक सील

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशों पर फतेहाबाद पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए ड्रग विभाग के साथ संयुक्त रूप से विशेष सर्च अभियान चलाया। इस अभियान के तहत आठ ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से जिलेभर में व्यापक स्तर पर जांच की। इस संयुक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं की अवैध बिक्री, बिना लाइसेंस दवा विक्रय तथा ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा। पुलिस एवं ड्रग विभाग की टीमों ने शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए गहन निरीक्षण किया।अभियान के दौरान जिले में कुल 21 मेडिकल स्टोर, 14 संदिग्ध



कन्फेक्शनरी दुकानों तथा कई खोखों की बारीकी से जांच की गई। मेडिकल स्टोर संचालकों से दवाओं की खरीद-फरोख्त से संबंधित बिल, वैध लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई तथा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। टीम ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित या नशीली दवाओं की अवैध बिक्री न हो।

जांच के दौरान गुरुनानकपुरा मोहल्ला फतेहाबाद, सीनियर मॉडल स्कूल के नजदीक स्थित श्री राम हेल्थ सेंटर बिना आवश्यक अनुमति के आवासीय परिसर में संचालित पाया गया। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित क्लिनिक को तत्काल प्रभाव से सील किया गया। क्लिनिक संचालक की पहचान राकेश पुत्र दर्शन लाल निवासी गुरुनानकपुरा मौहल्ला फतेहाबाद के रूप में हुई। मामले में नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। युवाओं को नशे की गिरफ्त में लेने वाले तत्वों पर विशेष नजर रखते हुए कन्फेक्शनरी दुकानों और खोखों की भी सघन जांच की गई, ताकि वहां किसी प्रकार की संदिग्ध या प्रतिबंधित सामग्री की बिक्री को रोका जा सके। संबंधित संचालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। फतेहाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के खिलाफ इस प्रकार के संयुक्त अभियान निरंतर जारी रहेंगे। पुलिस एवं ड्रग विभाग समय-समय पर विभिन्न स्थानों की जांच करते रहेंगे, ताकि जिले को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी नशीली दवाओं की अवैध बिक्री या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## नशा मुक्त अभियान को बड़ी कामयाबी: टोहाना की जाखल पुलिस ने दो आदतन तस्करों को किया गिरफ्तार

### लाखों रुपये की हेरोइन बरामद, तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना/जाखल।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में चलाए जा रहे 'नशा मुक्त अभियान' के तहत जाखल पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आदतन नशा तस्करों को काबू कर उनके कब्जे से 13 ग्राम हेरोइन (कीमत लाखों रुपये) बरामद की है। तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सहायक उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम रेलवे पुल के नीचे क्षेत्र में गश्त एवं चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर अचानक मुड़कर भागने लगे। संदेह के आधार पर




पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया और दोनों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 13 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना जाखल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों के बारे में पूछताछ की जा सकें।

## राज्यसभा में सुभाष बराला ने हरियाणा के मेरी फसल मेरा ब्यौरा मॉडल की सराहना की, राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की मांग

भीम प्रज्ञा न्यूज़.नई दिल्ली/फतेहाबाद।

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को राज्यसभा में हरियाणा में लागू एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली तथा उसके मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल के साथ किए गए एकीकरण का मुद्दा उठाते हुए इसे पारदर्शी और जवाबदेह शासन का प्रभावी उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल पहल उर्वरक वितरण एवं सब्सिडी प्रबंधन में संरचनात्मक सुधार का प्रतीक है, जिसने वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसानों के हितों की भी रक्षा की है। सांसद ने सदन को अवगत कराया कि एकीकृत उर्वरक



प्रबंधन प्रणाली और मेरी फसल मेरा ब्यौरा के एकीकरण से किसान पंजीकरण, भूमि व फसल का डिजिटल सत्यापन, उर्वरक वितरण तथा सब्सिडी निगरानी की समस्त प्रक्रिया एक ही प्रमाणिक डिजिटल मंच से जुड़ गई है। अब यूरिया, डीएपी तथा अन्य सब्सिडी युक्त उर्वरक केवल तभी वितरित किए जाते हैं, जब पीओएस मशीन पर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल में दर्ज भूमि एवं फसल विवरण का विधिवत मिलान हो जाता है। इस तकनीकी व्यवस्था ने अनधिकृत खरीद, अतिरिक्त उपयोग तथा उर्वरक डायवर्जन जैसी अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली के लागू होने के बाद सार्वजनिक धन की उल्लेखनीय बचत दर्ज की गई है। 8 अक्टूबर 2025 के बाद उर्वरकों की खपत में तार्किक कमी आने से भारत सरकार को लगभग 700 करोड़ की अनुमानित सब्सिडी बचत प्राप्त हुई है। यह बचत इस बात का प्रमाण है कि अब सब्सिडी वास्तविक और सत्यापित कृषि उपयोग तक ही सीमित हो रही है। सांसद बराला ने यह भी बताया कि यह मॉडल रीयल-टाइम डेटा के आधार पर उर्वरक मांग का सटीक आकलन करने, बेहतर लॉजिस्टिक्स योजना बनाने तथा समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध हुआ है। इससे किसानों को आवश्यक उर्वरक समय पर प्राप्त हो रहे हैं और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आई है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हरियाणा के इस सफल मॉडल का विस्तृत अध्ययन कर इसे अन्य राज्यों में भी चरणबद्ध तरीके से लागू करने पर विचार किया जाए, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर उर्वरक सब्सिडी व्यवस्था अधिक पारदर्शी, कुशल, जवाबदेह और टिकाऊ बन सकें।

## नेहरा पहाड़ के नजदीक आबंटित भूमि में बनेगा गौरव सेनानियों का भवन, 5 करोड़ रु. खर्च होंगे

भीम प्रज्ञा न्यूज

**झुंझुनूं ।** झुंझुनूं. आबंटिज जमीन पर बैठक करते जिला एक्ससर्सविसेज लीग झुंझुनूं के सदस्य। भास्कर न्यूज 7 झुंझुनूं शहर के नेहरा पहाड़ के नजदीक आबंटित भूमि में गौरव सेनानियों का भवन बनेगा। यह निर्णय शुक्रवार को जिले के पूर्व सैनिकों की कर्नल नारायण सिंह जानू की अध्यक्षता में मीटिंग किया गया। बैठक में पूर्व सैनिकों ने बताया कि भूमि का समतलीकरण कराया जा चुका है। भवन पर 5 करोड़ की लागत आएगी। इसके लिए एक कमेटी गठित की गई। झुंझुनूं जिले के प्रत्येक पूर्व सैनिक के घर से चंदा लेकर सैनिक इस भवन का निर्माण कराएंगे। जिले के शहीदों और वीरता पदकों का चित्रण किया जाएगा। राज्य सैनिक कल्याण मंत्री और रक्षा मंत्री से भी पूर्व सैनिक मिलकर भवन में सहयोग की मांग करेंगे। इस अवसर पर कर्नल नारायण सिंह जानू ने 51 हजार, कर्नल आरके ढाका 40 हजार, कर्नल शौकत अली 25



हजार, कैप्टन गुरुदयाल सिंह, मेजर जयरामसिंह, कैप्टन ताराचंद नूनिया, कैप्टन अमरचंद खेदड़, कैप्टन रामनिवास नेत्तड, कैप्टन ओंकार सिंह, कैप्टन रामावतार मीणा, कैप्टन विजयपाल राठौड़, सूबेदार मेजर मनरूप सिंह, सूबेदार करणीराम, छेलूराम जाट, महेंद्र सिंह झाझड़िया, कैप्टन श्रवण कुमार, रामसिंह गिल, राजपाल फोगाट, हवलदार जगदीशपाल, सूबेदार नंददेव, लेफ्टिनेंट रामलाल सांखनिया, महेंद्र सिंह पूनिया, जगदीश पाल, कैप्टन सहीराम स ने 21-21 हजार रुपए, रितु श्योराण ने 31 हजार का सहयोग दिया।

# हारना मना है... भारत-पाक हाईवोल्टेज मैच से पहले क्रिकेट जगत में गरमाया माहौल

## पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद आमिर ने अभिषेक शर्मा को बताया स्लॉगर, कहा- 8 पारियों में एक बार रन बनाता है, ज्यादा जोखिम लेता है...

● नई दिल्ली

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत ने नामीबिया के खिलाफ ग्रुप-ए के मैच में 93 रनों से जीत हासिल की थी। उस मैच में अभिषेक शर्मा अस्वस्थ होने के कारण खेल नहीं पाए थे। अब 15 फरवरी (रविवार) को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में उनकी भागीदारी को लेकर सवाल बने हुए हैं।

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को स्लॉगर करार दिया है। पाकिस्तानी चैनल पर बातचीत के दौरान आमिर ने कहा कि अभिषेक का खेल जोखिम भरा है और उनकी तकनीकी क्षमता पर भी सवाल उठाए। आमिर के अनुसार, जब अभिषेक अच्छा खेलते हैं, तो उनका प्रदर्शन प्रभावी हो सकता है, लेकिन ज्यादातर समय उनका खेल असफल होता है।

आमिर ने पाकिस्तानी शो 'हारना मना है' में कहा, मुझे लगता है कि वह सिर्फएक स्लॉगर हैं। हर गेंद पर जोर से खेलते हैं। जब उनका दिन अच्छा होता है, तो वह बड़े रन बना सकते हैं, लेकिन बाकी समय वह फेल होते हैं। 8 पारियों में से सिर्फएक बार रन बनाते हैं। उनके बाकी स्कोर 10, 15, 0 और 20 के आसपास होते हैं। मुझे नहीं लगता कि उनकी तकनीकी क्षमता मजबूत है।



आमिर ने यह भी कहा कि अभिषेक को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है, उन्हें शरीर पर गेंदबाजी करना। जब वह स्विंग होती गेंदों को सही तरीके से खेलना शुरू करेंगे, तभी उन्हें एक अच्छा बल्लेबाज माना जा सकेगा।

### अभिषेक का खेल जोखिम भरा

आमिर ने आगे कहा, अभिषेक पिच पर खड़े रहते हैं और चाहते हैं कि सारी गेंदें एक विशेष जगह पर डाली जाएं। जब उनका दिन होता है, तो वह बड़ा स्कोर बना सकते हैं, लेकिन उनका खेल काफी जोखिम भरा है। मुझे तब तक उन्हें सच्चा बल्लेबाज नहीं मानना जब तक वह स्विंग गेंदों को सही तरीके से न खेलें।

## मैच में बारिश का संकट, रद्द हो सकता है मैच, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी (रविवार) को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में मुकाबला होना है, लेकिन अब बारिश के कारण मैच के रद्द होने की संभावना जताई जा रही है।

श्रीलंका के मौसम विभाग ने 15-16 फरवरी के लिए विशेष चेतावनी जारी की है, जिससे इस हाईवोल्टेज मुकाबले के धुलने की आशंका बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 फरवरी के आसपास दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जिससे भारी बारिश और



खराब मौसम का अनुमान है। विभाग ने आयोजकों और दर्शकों को मौसम अपडेट पर नजर रखने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार, कोलंबो में 15 फरवरी को बारिश की संभावना 50-60 प्रतिशत तक जताई गई है, जिससे मैच में रुकावटें आ सकती हैं।

### मिस्ट्री स्पिनर तारिक नहीं कर पाएंगे गेंदबाजी

भारत-पाकिस्तान मैच से पहले पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन को लेकर चर्चा हो रही है। भारतीय ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने तारिक के गेंदबाजी एक्शन को लेकर एक रणनीतिक टिप दी है, जिसके अनुसार भारतीय बल्लेबाज अगर क्रिकेट नियमों का पालन करते हैं, तो तारिक इस मुकाबले में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। तारिक का गेंदबाजी एक्शन असामान्य है, जिसमें वह गेंद फेंकने से पहले अचानक रुक जाते हैं।

## ► टी20 वर्ल्ड कप : कंगारुओं को 23 रनों से हराकर क्रिकेट जगत में मचाई हलचल

# जिम्बाब्वे ने टी20 वर्ल्ड कप में किया महाउलटफेर

● नई दिल्ली

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से हराकर क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी। सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रनों की पारी और तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी व ब्रैड इवांस की शानदार गेंदबाजी ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को पूरी तरह धराशायी कर दिया।

ब्रायन बेनेट ने शुरुआत से ही स्ट्राइक को सही ढंग से घुमाया और बीच के ओवरों में जोखिम भरे शॉट्स से बचते हुए टीम को 169/2 तक पहुंचाया। अंतिम ओवरों में तेजी बढ़ाकर जिम्बाब्वे ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।



### कंगारुओं की हार के मुख्य कारण...

ऑस्ट्रेलिया चोटों से जूझ रही थी। प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति और आधी फिटनेस ने टीम के संतुलन को बिगाड़ा। बल्लेबाजी में स्थिरता नहीं दिखी और गेंदबाजी में डेथ ओवरों की धार कमजोर रही।



### घातक गेंदबाजी

6 फुट 8 इंच लंबे ब्लेसिंग मुजारबानी ने 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट चटकाए। उनकी अतिरिक्त उछाल और सटीक लाइन-लेन्थ ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशान किया। वहीं, ब्रैड इवांस ने मिडिल ओवरों में 3 विकेट लेकर मैच का रुख जिम्बाब्वे की ओर मोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 146 पर आउट हो गई।



### स्कोर कार्ड

**जिम्बाब्वे**

169/2 (बेनेट 64*) ऑस्ट्रेलिया

**ऑस्टेलिया**

146 (रेनशॉ 65, मुजारबानी 4/17, एवंस 3/23)

**प्लेयर ऑफ द मैच**

ब्लेसिंग मुजारबानी

### सहवाग का मजेदार कमेंट

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने इंस्टाग्राम पर इस जीत पर मजाकिया अंदाज में 'लकी चार्म' कमेंट किया। उन्होंने 1983 और 2007 का जिक्र करते हुए संकेत दिया कि जब जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया, तब भारत ने वर्ल्ड कप जीता। सहवाग ने अपने पोस्ट में लिखा - ड्ढ्ड ·2द्ग 4श्ह्व स्रद्बह्लद्बद्गह्ल, जो फैन्स के बीच तेजी से वायरल हो रहा है। कई यूजर्स इसे शुभ संकेत मान रहे हैं और इतिहास के दोहराव की उम्मीद जता रहे हैं।

### जारबानी: ऑस्ट्रेलिया को घुटनों पर लाने वाला तेज गेंदबाज

ब्लेसिंग मुजारबानी ने अपनी घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को मात दी। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ चुके मुजारबानी ने टी20 लीग्स में भी अनुभव हासिल किया। उनका यह प्रदर्शन जिम्बाब्वे के लिए नई उम्मीद बन गया है।

## यूएई ने कनाडा को रौंदा



● नई दिल्ली

कनाडा ने अधिकांश समय मैच में बढ़त बनाई, लेकिन आर्यांश और सोहैब की जबरदस्त साझेदारी ने मैच की तस्वीर पलट दी। आखिरकार, यूएई ने कनाडा को पांच विकेट से हरा दिया। जुनैद सिद्दीकी के पांच विकेट और आर्यांश शर्मा व सोहैब खान के अर्धशतकों की मदद से यूएई ने टी20 विश्व कप 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की। 151 रनों का लक्ष्य लेकर उतरी यूएई की टीम ने शुरुआत में ही चार विकेट 12.3 ओवर में 66 रन पर गंवा दिए थे। अब उन्हें अगले 45 गेंदों में 10 रन प्रति ओवर से 85 रन चाहिए थे।

**स्कोर कार्ड**

**कनाडा:** 150/7

**यूएई:** 151/5 ( 19.4 ओवर, लक्ष्य 151)

**प्लेयर ऑफ द मैच:** जुनैद सिद्दीकी ( 5/35 )

## यूएसए की शानदार जीत, नीदरलैंड्स को 93 रनों से हराया, हरमीत चमके

**नई दिल्ली, आरएनएन।** साईतेजा मुक्कामल्ला (79) और शुभम रांजने (48*) की दमदार पारियों के साथ, हरमीत सिंह ने 4 विकेट लेकर यूएसए को नीदरलैंड्स के खिलाफ 93 रनों से जीत दिलाई। नीदरलैंड्स ने 197 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 103 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। हरमीत ने गेंदबाजी में 4 विकेट झटके, जबकि शैडली वान शाल्कविक ने 3 विकेट लिए।

**स्कोर कार्ड**

**यूएसए:** 196/6 (मुक्कामल्ला 79, रांजने 48*, हरमीत 4/21)

**नीदरलैंड्स:** 103 (हरमीत 4/21)

**प्लेयर ऑफ द मैच:** हरमीत सिंह

यूएसए की यह जीत टी20 विश्व कप 2026 में पहली थी, जिससे ग्रुप ए में उनका खेल जारी रहेगा।

## एमपी वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के 10 खिलाड़ी भारतीय दल में चयनित

**भोपाल, खेल संवाददाता।** एशियन गेम्स-2026 के लिए घोषित भारतीय नौकायन टीम में मध्यप्रदेश वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें 5 वर्तमान और 5 पूर्व खिलाड़ी शामिल हैं। वर्तमान खिलाड़ियों में वाशु चंदरवंशी (आईएलसीए-4 बालक), माही वर्मा (आईएलसीए-4 बालिका), आर्यन पाटीदार (आईक्यू फॉइल्स), तथा मिक्स्ड 420 क्लास में एकलव्य बाथम और वंशिका सिखरवार की जोड़ी शामिल है। पूर्व खिलाड़ियों में



श्रद्धा वर्मा (470 मिक्स्ड), हर्षिता तोमर और शीतल वर्मा तथा मनु को भारतीय दल में स्थान मिला है। यह चयन प्रदेश की मजबूत प्रशिक्षण व्यवस्था और खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है, जिससे मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ा है।

## मध्य प्रदेश ने जीती दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी



**भोपाल,** पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026 के फाइनल में मध्य प्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 2 विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जम्मू-कश्मीर ने 20 ओवर में 200/3 रन बनाए। जवाब में मध्य प्रदेश ने 18 ओवर में 202 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच का टर्निंग प्वाइंट संजय साकेत और लकी कडारिया की 44 गेंदों में 116 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी रही। लकी ने 20 गेंदों पर 67 और संजय ने 25 गेंदों पर 48 रन बनाए। लकी कडारिया को मैन ऑफ द मैच, वेदांत गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर और संजय साकेत को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए अंकित सिंह बघेल मैन ऑफ द सीरीज बने।

## गोल्डन टाइगर्स को हराकर जबलपुर डिफेंस ऑल इंडिया क्रिकेट फाइनल में

● भोपाल

भोपाल के बाबे आली क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित सेंट माइकल अकादमी के पांचवें सैयद शकील मोहम्मद ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में जबलपुर डिफेंस ने गोल्डन टाइगर्स को 37 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

जबलपुर डिफेंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए समिति भट्ट



(128) और साहिल ठाकुर (86) की बदौलत 235 रन बनाए। गोल्डन टाइगर्स 198 रन पर ऑल आउट हो गई। मैच के मैन ऑफ द मैच समिति भट्ट रहे। दूसरे मैच में मयंक ने प्रारब्ध (104) और प्रियांशु (45) की शानदार पारियों के साथ 229 रन बनाए। सागर की टीम 161 रन पर आउट हो गई। मयंक ने यह मैच 68 रनों से जीता, और मैन ऑफ द मैच प्रारब्ध मिश्रा रहे। पुरस्कार बीडीसीए के सह सचिव मुजीबउद्दीन और सीनियर खिलाड़ी कशिश सक्सेना, लौरेंस, और सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के सैयद अयान शकील ने दिए।

**वायरल** ओलंपियन अनास्तासिया ने इस सांग पर बर्फ में की स्केटिंग प्रैक्टिस, बोलीं- इससे मिलती है ऊर्जा

# ना दे दिल परदेसी नूं... रसियन फिगर स्केटर का पंजाबी प्रेम

● जालंधर

रूसी फिगर स्केटर और ओलंपियन अनास्तासिया गुबानोवा इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह मशहूर पंजाबी गायक मोहम्मद सदीक के गीत 'ना दे दिल परदेसी नूं' पर बर्फ पर स्केटिंग करते हुए प्रैक्टिस करती दिख रही हैं।

गुबानोवा का कहना है कि पंजाबी गीतों की जोशीली बीट उन्हें प्रैक्टिस के दौरान खास ऊर्जा देती है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के प्रति भी अपनी प्रशंसा जाहिर की और अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लाल ड्रेस और माथे पर बिंदी लगाए एक वीडियो पोस्ट किया, जिसे फैंस ने खूब सराहा। गुबानोवा 6 फरवरी से शुरू हुए विंटर ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी हैं और ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं।



### 32 सेकेंड की क्लिप हुई वायरल

8 फरवरी को अपलोड हुआ करीब 32 सेकेंड का यह वीडियो में गुबानोवा बर्फ पर शानदार मूव्स और जंप्स करती नजर आ रही हैं। स्केटिंग जैसे यूरोपीय खेल के साथ पंजाबी लोक संगीत का यह अनोखा मेल दर्शकों को खासा पसंद आ रहा है। गाने की हर बीट के साथ उनके स्टेप्स की परफेक्ट मैचिंग उनकी स्केटिंग में माहिरियत को दिखाती है।

### लाल ड्रेस और बिंदी में देसी अंदाज...

विदेशी स्केटर होते हुए भी अनास्तासिया ने भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया। लाल ड्रेस और माथे पर बिंदी के साथ उनका लुक खास बन गया। उनके हाव-भाव और प्रस्तुति में भारतीय अंदाज की झलक देखने को मिली, जो भारतीय दर्शकों के दिलों को छू गई। पंजाबी संगीत अपनी तेज थाप और ऊर्जा के लिए मशहूर है। गुबानोवा ने जिस तरह हर बीट के साथ अपनी स्केटिंग की गति और मूवमेंट को मेल किया, वह देखने लायक था। यही कारण है कि इस वीडियो की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।

### शाहरुख की मूवी के गाने पर भी किया था परफॉर्म

यह पहली बार नहीं है, जब गुबानोवा ने भारतीय संगीत पर प्रस्तुति दी हो। इससे पहले भी वह शाहरुख खान की फिल्म अशोका के प्रसिद्ध गीत 'सन सनाना' पर परफॉर्म कर चुकी हैं, जिसका वीडियो भी खूब वायरल हुआ था। 2026 के विंटर ओलंपिक में भारत का कोई फिगर स्केटर शामिल नहीं है, लेकिन अनास्तासिया की इस प्रस्तुति ने भारतीय दर्शकों के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव बना लिया है।

**2023 की यूरोपीय चैंपियन:** अनास्तासिया गुबानोवा 2023 की यूरोपीय चैंपियन रह चुकी हैं। इसके अलावा, उन्होंने 2024 और 2025 में लगातार दो बार यूरोपीय रजत पदक भी जीते हैं। अपनी तकनीकी कुशलता के साथ-साथ वह अपने क्रिएटिव और एक्सपेरिमेंटल गानों के सिलेक्शन के लिए भी जानी जाती हैं।

## वैभव सूर्यवंशी देंगे 10वीं की परीक्षा, एडमिट कार्ड जारी

**नई दिल्ली, आरएनएन।** उभरते क्रिकेट स्टार वैभव सूर्यवंशी, जो अंडर-19 वर्ल्ड कप में धमाल मचा चुके हैं, अब 10वीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देंगे। 17 फरवरी से समस्तीपुर जिले में यह परीक्षा शुरू हो रही है, और वैभव का एडमिट कार्ड जारी हो चुका है।



वैभव के लिए क्रिकेट और पढ़ाई दोनों में बैलेंस बनाना चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि 26 मार्च से आईपीएल भी शुरू हो रहा है। हालांकि, इस बीच सवाल उठ रहा है कि क्या उन्हें परीक्षा केंद्र पर वीआईपी ट्रीटमेंट मिलेगा? पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल नील किशोर सिन्हा ने स्पष्ट किया कि वैभव को कोई विशेष ट्रीटमेंट नहीं मिलेगा। सभी परीक्षार्थियों की तरह वह भी सामान्य प्रक्रिया से गुजरेंगे। सुरक्षा को लेकर पूरी तैयारी की गई है, और सभी क्लासरूम में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वैभव के फैंस को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन से अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम की अपील की गई है।



राजधानी (न्यू बॉम्बे)

| दिन | रात |
|---|---|
| 268 = 0 | 689 = 3 |
| 157 = 3 | 145 = 0 |

शुभांक

| दिन | रात |
|---|---|
| 260 = 8 | 134 = 8 |
| 370 = 0 | 677 = 0 |

भाग्यांक

2 5 7 0

www.kalyangame.com

# 'तेरी दुल्हन सजाऊंगी', इश्क बदला तो सुजैन ने निभाई दोस्ती, प्रकाश कौर ने दुनिया को दिया मुंहतोड़ जवाब

'वो नहीं मेरा मगर उससे मोहब्बत है तो है
ये अगर रस्मों रिवाजों से बगावत है तो है''

दीप्ति मिश्र के लिखे ये शब्द बॉलीवुड के कई कपल के रिश्ते पर सटीक बैठते हैं। बॉलीवुड की कुछ जोड़ियां ऐसी ही हैं, जिन्होंने अपने पार्टनर के साथ प्यार से ज्यादा दोस्ती का रिश्ता निभाया। जब रिश्तों में किसी तीसरे की एंट्री हुई, तो उन्होंने न सिर्फ उन्हें अपनाया, बल्कि समाज में इज्जत भी दिलाई। वैलेंटाइन स्पेशल वीक में बॉलीवुड के ऐसे कपल्स की कहानी, जिनकी जिंदगी में अकेलापन रहा, यादें रहीं, जुदाई भी रही, पर उनकी मोहब्बत अलग होने के बाद भी कायम रही।



## आमिर-रीना-किरण

आमिर खान और उनकी पहली पत्नी रीना दत्ता की लव स्टोरी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट की तरह है। आमिर और रीना कभी पड़ोसी हुआ करते थे और खिड़कियों से एक-दूसरे को देखा करते थे। दोनों में प्यार बढ़ा और अपने 21वें जन्मदिन के तुरंत बाद आमिर ने अप्रेल 1986 में रीना से कोर्ट मैरिज कर ली। इस शादी के बारे में दोनों ने अपने परिवार वालों को भी नहीं बताया। हालांकि, डेब्यू फिल्म की रिलीज से पहले ही दोनों परिवारों को आमिर और रीना की शादी के बारे में पता चला। इसके बाद अपनी चॉकलेट बॉय और सिंगल इमेज को बनाए रखने और फिल्म के बिजनेस पर बुरा असर पड़ने से बचाने के लिए कपल ने इसे सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं किया। 1988 में रिलीज हुई आमिर की डेब्यू फिल्म 'कयामत से कयामत तक' के लोकप्रिय गाने 'पापा कहते हैं' में रीना दत्ता एक छोटी सी भूमिका में नजर आई थीं। हालांकि, उस समय तक किसी को पता नहीं था कि वे आमिर की पत्नी हैं। इस तरह 1986 में शादी कर चुके आमिर और रीना ने अपनी शादी का खुलासा 1988 में फिल्म 'कयामत से कयामत तक' की सफलता के बाद किया था। वक्त बीता और कपल के दो बच्चे हुए। बेटा जुनैद और बेटी आयरा। इस दौरान जब आमिर ने अपना प्रोडक्शन हाउस खोला, तो पहली फिल्म 'लगान' के काम की जिम्मेदारी भी रीना ने संभाली और फिर इसी फिल्म के सेट पर रीना की जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई। शादी के 16 साल बाद, साल 2002 में आमिर और रीना ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया। आमिर ने हाल ही में स्वीकार किया कि इतनी कम उम्र (21) में शादी करना उनकी भूल थी और काम के प्रति उनके जुनून ने भी इस रिश्ते पर असर डाला। रीना के जीवन से जाने के बाद आमिर ने किरण राव से शादी की। किरण और आमिर की मुलाकात फिल्म 'लगान' के सेट पर हुई थी, जहां किरण एक असिस्टेंट डायरेक्टर थीं। उस समय दोनों के बीच कोई रोमांटिक रिश्ता नहीं था। आमिर अपनी पहली पत्नी रीना के साथ शादीशुदा थे और किरण किसी और को डेट कर रही थीं। हालांकि, 2002 में रीना से तलाक लेने के बाद जब आमिर कठिन दौर से गुजरे



तब उनकी और किरण की बातचीत दोबारा शुरू हुई। एक रात किरण से 30 मिनट फोन कॉल पर बात करने के बाद उन्हें बहुत खुशी महसूस हुई, जिसके बाद वो अक्सर देर रात बात करने लगे और 2004 में उन्होंने डेटिंग शुरू कर दी। 28 दिसंबर 2005 को पंचगनी में एक निजी समारोह में दोनों की शादी हुई और 2011 में सरोगेसी के जरिए किरण के बेटे आजाद राव खान का जन्म हुआ। किरण से 15 साल की शादी के बाद जुलाई 2021 में आमिर ने उनसे भी तलाक ले लिया। उन्होंने इसे 'रिश्ते का अंत' नहीं, बल्कि 'रिश्ते का बदलाव' बताया था। इन दिनों आमिर, गौरी स्प्रैट को डेट कर रहे हैं। तलाक के बाद आज भी आमिर, रीना और किरण के बीच गहरा सम्मान और दोस्ती का रिश्ता कायम है। तीनों अक्सर पब्लिक इवेंट और पारिवारिक कार्यक्रमों में साथ नजर आते हैं।

## सलीम खान और सलमा खान

सलमान खान की इश्क की कई दास्तां हैं, मगर उनके पिता सलीम भी इश्क में हाथ आजमाने से कभी पीछे नहीं रहे। सलीम की पहली मोहब्बत थीं



सुशीला चरक। मुंबई के माहिम इलाके में दोनो एक-दूसरे के पड़ोसी थे। 17 साल की सुशीला से 24 साल के सलीम रोज मिलने लगे और दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया। सुशीला के पिता डेंटिस्ट थे और सुशीला की शादी कराना चाहते थे। उन्हें सलीम पसंद आए और रिश्ता तय हुआ। शादी के बाद सुशीला को नया नाम मिला- सलमा खान। आगे चलकर सलीम मशहूर फिल्म राइटर बने। 1978 में फिल्म 'डॉन' के सेट पर पहली बार उनकी मुलाकात हेलेन से हुई। दोनों अच्छे दोस्त बन गए और सलीम काम दिलाने में उनकी मदद करने लगे। कुछ वक्त बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और चार साल बाद 1980 में सलीम ने हैलेन ने शादी कर ली। इस बात ने सलमा खान को गहरा झटका तो दिया, मगर आगे चलकर उन्होंने इस रिश्ते को स्वीकार कर लिया। हेलेन ने भी सलमा के बेटों सलमान, सोहेल और अरबाज को मां की तरह अपनाया। आगे चलकर सलीम और हेलेन ने अर्पिता खान को गोद लिया। आज खान परिवार के हर छोटे-बड़े फैमिली इवेंट में सलीम, सलमा और हेलेन एक साथ नजर आते हैं। सलमा खान का सलीम के प्रति सच्चा प्यार और उनका समर्पण आज भी उनके परिवार को जोड़कर रखता है।

## धर्मेंद्र और प्रकाश कौर




बॉलीवुड के ही-मैन कहे जाने वाले धर्मेंद्र की पहली शादी प्रकाश कौर से हुई थी। इस अरेंज मैरिज के वक्त धर्मेंद्र मात्र 19 साल के थे और प्रकाश 17 कीं। आगे चलकर 50 के दशक में धर्मेंद्र एक्टर बनने मुंबई आ गए। वहीं प्रकाश ने घर पर रहकर बच्चों की देखभाल का जिम्मा उठाया। रिश्ते को धक्का तब लगा, जब धर्मेंद्र और हेमा मालिनी के बीच इश्क की चर्चा शुरू हुई। प्रकाश को भी इसका अंदाजा हो गया, लेकिन चार बच्चों की मां ने धैर्य से काम लिया। धर्मेंद्र की भावनाओं को एक दोस्त की तरह समझा और हेमा से शादी की इजाजत दे दी। हालांकि, यह शर्त रखी कि धर्मेंद्र कभी भी प्रकाश को तलाक नहीं देंगे। 1980 में धर्मेंद्र और हेमा ने शादी कर ली। इस शादी के बाद जब दोनों की आलोचना हुई तो प्रकाश ने ही दोनों का सपोर्ट किया। उन्होंने एक इंटरव्यू में साफ कहा था कि जब मुझे कोई परेशानी नहीं, तो लोगों को क्या ही तकलीफ है? हेमा ने अपनी आत्मकथा में बताया था कि वो धर्मेंद्र से शादी करने से पहले एक-दो बार उनकी पत्नी से मिली थीं, पर शादी के बाद वो कभी उनके सामने नहीं गईं। प्रकाश ने सब कुछ सहा, पर कभी अपना घर टूटने नहीं दिया।

## बोनी कपूर और मोना कपूर



प्रोड्यूसर बोनी कपूर की पहली शादी मोना सिंह से साल 1983 में हुई थी। तब मोना 19 और बोनी 29 साल के थे। 1987 तक तो दोनों के जीवन में सब कुछ ठीक चला, पर फिर 'मिस्टर इंडिया' के सेट पर बोनी की मुलाकात श्रीदेवी से हुई। कुछ साल बाद जब श्रीदेवी का मिथुन से तलाक हो गया, तो उन्हें संभालते-संभालते बोनी खुद अपना दिल खो बैठे। कुछ साल तक तो यह रिश्ता मोना से छिपा रहा, पर आगे चलकर जब उन्हें इस बात की भनक लगी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। एक इंटरव्यू में मोना ने कहा था, 'बोनी मुझसे 10 साल बड़े थे, तो मैं तो लगभग उनके साथ ही बड़ी हुई हूं। 13 साल की शादी के बात जब मुझे पता चला कि मेरे पति किसी और से प्यार करते हैं तो यह मेरे लिए सदमे की तरह था। मैं इस रिश्ते में कुछ कर भी नहीं सकती थी।' 1996 में मोना ने चुपचाप बोनी को तलाक दे दिया। उन्होंने अकेले ही अपने दोनों बच्चों अर्जुन और अंशुला को पाला। वहीं, बोनी को श्रीदेवी से दो बेटियां जान्हवी और खुशी हुईं। साल 2012 में कैंसर जैसी बीमारी के चलते मोना का निधन हो गया। आज बोनी अपने चारों बच्चों के साथ रहते हैं और आपस में उनके रिश्ते काफी अच्छे हैं।

## ऋतिक रोशन और सुजैन खान



ऋतिक रोशन और सुजैन खान के प्यार से ज्यादा लोग इनकी दोस्ती की चर्चा करते हैं। दोनों की कहानी एक ट्रैफिक सिग्नल से शुरू हुई थी। दोनों की कारें अगल-बगल आईं, ऋतिक ने सुजैन को देखा और वो उनके लिए पहली नजर का प्यार बन गईं। एक्टर ने अपने दोस्त संजय कपूर को इस बारे में बताया और उनकी मदद से ही सुजैन का पता लगाया। साल 2000 में दोनों ने शादी कर ली। 13 साल तक सबकुछ ठीक रहा, पर दिसंबर 2013 में दोनों ने अलग होने का फैसला किया और नंवबर 2014 में दोनों ने तलाक ले लिया। अब दोनों अपने बच्चों (दो बेटे) की पैरेंटिंग साथ करते हैं। जहां ऋतिक इन दिनों सबा आजाद के साथ रिलेशनशिप में हैं, वहीं सुजैन, अर्सलान गोनी को डेट कर रही हैं। तलाक के बाद भी ऋतिक और सुजैन की बॉन्डिंग इतनी कमाल है कि अक्सर दोनों कपल साथ में वेकेशन पर जाते हैं। हाल ही में सुजैन के पिता के निधन पर भी ऋतिक उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। आज दोनों एक दूसरे का सम्मान करते हुए एक अच्छी लाइफ जी रहे हैं।



## बिग बॉस 14 फेम निक्की तंबोली के नाम पर धोखाधड़ी, फैंस और करीबी लोगों को किया अलर्ट

निक्की तंबोली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए फैंस, करीबी लोगों और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को सचेत किया है। उन्होंने बताया है कि कोई उनके नाम पर स्कैम करने की कोशिश कर रहा है। इस व्यक्ति के बारे में निक्की ने जानकारी भी सोशल मीडिया पर साझा की है। जानिए, निक्की ने अपनी पोस्ट में क्या लिखा?

### निक्की तंबोली ने फेक नंबर का जिक्र किया

निक्की तंबोली ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए एक नंबर और चैट शेयर की, जिसमें एक अनजान नंबर से उनके करीबी लोगों से कॉन्टैक्ट किया जा रहा है। इस पोस्ट के साथ निक्की लिखती हैं, 'कोई मेरा नाम और तस्वीर इस्तेमाल करके फेक नंबर से लोगों को मैसेज कर रहा है। यह मैं नहीं हूं। प्लीज इस शख्स को अहमियत ना दें। रिप्लाई ना करें। यह स्कैम हो सकता है। कृपया इस नंबर को रिपोर्ट करें, ब्लॉक करें।'

### 'द 50' रियलिटी शो में नजर आईं निक्की तंबोली

हाल ही में शुरू हुए रियलिटी शो 'द 50' में निक्की तंबोली और उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी नजर आए। यह दोनों काफी समय से डेट कर रहे हैं। अरबाज पटेल को आखिरी बार शो 'राइज एंड फॉल' में देखा गया था। वहीं निक्की को शो 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में देखा गया था। इससे पहले वह 'बिग बॉस 14' का हिस्सा रह चुकी हैं।

## सोहा अली खान ने कहा, 'यह कहने के लिए हिम्मत चाहिए'



## ऐश्वर्या मोहनराज ने स्वीकारी, इंजेक्शन से वजन कम करने की बात



वजन घटाने के लिए लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। कोई योग और जिम का सहारा लेता है, तो कोई डाइट पर फोकस रखता है। हाल के दिनों में कई ऐसी दवाएं और इंजेक्शन भी बाजार में आए हैं, जो कथित तौर पर वजन घटाने में कारगर हैं। इनके साइड इफैक्ट्स पर भी बात होती रहती है। एक इंजेक्शन भारतीय बाजार में भी आया है। चर्चित कॉमेडियन और कंटेट क्रिएटर ऐश्वर्या मोहनराज ने हाल ही में सार्वजनिक रूप से यह बात कही कि उन्होंने इंजेक्शन की मदद से वजन घटाया है। इस पर सोहा अली खान ने रिएक्शन दिया है।

**ऐश्वर्या ने क्या कहा था?:** कॉमेडियन ऐश्वर्या मोहनराज ने हाल ही में यह खुलासा किया है कि उन्होंने वेट लॉस इंजेक्शन का इस्तेमाल कर करीब छह महीने में 22 किलो वजन घटाया है। उन्होंने एक यूट्यूब वीडियो के जरिए अपनी वजन घटाने की यात्रा पर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं बचपन से ही दुबली-पतली थी, लेकिन 20 साल की उम्र के बाद स्थिति बदल गई। साल 2021 की शुरुआत में मेरा वजन 51 किलो था और शादी के बाद मेरा वजन अचानक से बढ़ गया। शादी के समय मेरा वजन करीब 64 किलो था। छह महीने के अंदर ही यह 72-74 किलो तक पहुंच गया था'। उन्होंने कहा कि सिर्फ लाइफस्टाइल ही नहीं, पीसीओडी और हाइपोथायरायडिज्म की शिकायत भी थी, जिसकी वजह से उनका वजन बढ़ा।

**सोहा अली खान बोलीं- 'किसी ने तो माना':** ऐश्वर्या मोहनराज की इस स्वीकारोक्ति की सोहा अली खान ने तारीफ की है कि उन्होंने सरेआम यह माना कि वजन घटाने में इंजेक्शन का इस्तेमाल किया है। सोहा अली खान ने कहा कि यह वाकई हिम्मत की बात है। सोहा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे कह रही हैं, 'तो आखिरकार किसी ने कह ही दिया कि उन्होंने सिर्फ सही खाने या वर्कआउट करके ही नहीं, बल्कि मौनजारो लेकर भी बहुत वजन कम किया और मुझे लगता है कि सच बोलने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए।'

**अपने पॉडकास्ट पर सोहा करेंगी इस विषय पर चर्चा:** सोहा अली खान ने आगे यह भी कहा कि 'ऐश्वर्या मोहनराज ने अभी-अभी खुलकर बात की है कि वह वजन कम करने के लिए इंजेक्शन ले रही थीं। मैं उनकी ट्रांसपेरेंसी का सम्मान करती हूं। इस हफ्ते मेरे पॉडकास्ट ऑल अबाउट हर पर हम इस बारे में एक बहुत जरूरी बातचीत कर रहे हैं कि ये दवाएं असल में क्या हैं और ये किसके लिए हैं'?

## 'आरआरआर देखकर समझ आई इंडिया की ताकत'

### हॉलीवुड प्रोड्यूसर जैनब अजीज ने बताया, 'बचपन से पसंद हैं बॉलीवुड फिल्में'

हाल ही में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'सेंड हेल्प' को जैनब अजीज ने ही प्रोड्यूस किया था। जैनब ने बताया कि जब उनकी मुलाकात 'आरआरआर' फेम निर्देशक राजामौली से हुई, तो उनकी दूरदर्शिता से वे बहुत प्रभावित हुईं। बातचीत के दौरान उन्होंने प्रीति जिंटा से अपने लंबे समय के संबंध और भारतीय सिनेमा के प्रति अपने लगाव पर भी खुलकर बात की।

**आपको फिल्म प्रोडक्शन में आने की प्रेरणा कहां से मिली:** बचपन से मुझे फिल्में और कहानियां बेहद पसंद थीं। मैं अपनी मां का वीएचएस रिकॉर्डर उठाकर छोटी-छोटी फिल्में बनाती थी। तब तो अंदाजा भी नहीं था कि यही मेरा पेशा बनेगा। यूनिवर्सिटी में कुछ और पढ़ा, फिर मार्केटिंग की नौकरी के लिए लॉस एंजेलिस आ गई। वहां मेरी शुरुआत डब्ल्यूएमई की टैलेंट एजेंसी के मेलरूम से हुई और यहीं महसूस हुआ कि मेरी जगह तो एंटरटेनमेंट में ही है। मेलरूम मेरे लिए किसी फिल्म स्कूल जैसा था। पांच साल तक मैंने वहां बहुत कुछ सीखा। इसी दौरान सैम राइमी से मुलाकात हुई, जिनके साथ मैंने एक शॉर्ट स्टोरी पैकेज किया और वहीं से मुझे प्रोड्यूसिंग की प्रेरणा मिली। फिर मैंने राइमी प्रोडक्शन्स जॉइन कर लिया



और सफर शुरू हो गया।

**भारतीय सिनेमा ने आपको कब और कैसे प्रभावित किया:** बचपन से ही मुझे बॉलीवुड की फिल्में बहुत पसंद थीं। मेरी बुआ को भी फिल्मों का बहुत शौक था और हम शाहरुख खान, सलमान खान, ऐश्वर्या, ऋतिक और प्रीति जिंटा की फिल्में देखते थे। प्रीति जिंटा मेरी बहुत करीबी दोस्त भी हैं। मुझे बॉलीवुड की म्यूजिकल फिल्में, उनका ड्रामा और हॉलीवुड की तुलना में उनका बड़ा और बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया अंदाज बहुत पसंद है। मैं हमेशा उम्मीद करती हूं कि एक दिन मुझे किसी बॉलीवुड प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिले। मेरी पसंदीदा भारतीय फिल्म 'देवदास' है, जिसे मैं सच में बहुत पसंद करती हूं। अगर कभी मौका मिला तो मैं प्रीति जिंटा के साथ भी काम करना चाहूंगी।

**हॉलीवुड और बॉलीवुड का भविष्य साथ कैसे देखती हैं:** मेरा मानना है कि यह साझेदारी अभी शुरू ही हुई है। 'आरआरआर' की सफलता ने दुनिया को यह दिखा दिया कि भारतीय कहानियां दुनियाभर की ऑडियंस बांध सकती हैं। सैम और मेरी उस फिल्म के निर्माताओं (राजामौली) से मुलाकात भी हुई थी। मैं उनकी फिल्म मेकिंग प्रोसेस और ग्लोबल विजन से काफी इम्प्रेस थी। आने वाले समय में हॉलीवुड और भारतीय सिनेमा साथ मिलकर बहुत बड़े और यादगार प्रोजेक्ट्स बनाएंगे, यह मैं साफ देख सकती हूं।'

## झारखंड: हजारीबाग में हाथियों का आतंक, एक ही परिवार के चार समेत 6 की मौत

हजारीबाग (एजेंसी)। झारखंड के हजारीबाग जिले में गुरुवार देर रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव में हुए इस हमले में एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत कुल छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रात करीब एक से दो बजे के बीच की बताई जा रही है। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार पांच हाथियों का झुंड अचानक बस्ती में घुस आया। अधिकतर लोग गहरी नींद में थे। हाथियों ने कच्चे मकानों को तोड़ दिया और बाहर निकलकर जान बचाने की कोशिश कर रहे लोगों को कुचल दिया। शोर मचाकर और मशाल जलाकर ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन झुंड काफी देर तक गांव के आसपास डटा रहा। मृतकों में सूरज भूइया (55), उनकी पुतोहु सुमन देवी (25) और दो मासूम बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मंगरा भुईयां (58) और धनेश्वर राम (करीब 55) की भी जान चली गई। एक ही परिवार के चार सदस्यों और अन्य की हुई मौत से गांव में शोक की लहर है। हाथियों के उत्पात की सूचना मिलते ही दारू और चरही वन विभाग की टीमें रात में ही मौके पर पहुंचीं। यह क्षेत्र दारू वन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वन विभाग के फॉरेस्टर मुकेश कुमार ने बताया कि टीम ने हालात का जायजा लिया है और मुआवजा प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वन विभाग ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है और ग्रामीणों को रात के समय सतर्क रहने की सलाह दी है। ग्रामीणों का कहना है कि करगी जंगल के आसपास हाथियों की गतिविधि लगातार बढ़ रही है और झुंड इन दिनों काफी उग्र है। उन्होंने प्रशासन से स्थायी समाधान और मृतकों के परिजनों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

## मुख्तार के शूटर शोएब की दिनदहाड़े हत्या

बाराबंकी (एजेंसी)। बाराबंकी में माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात शुक्रवार दोपहर उस वक्त हुई, जब वह कार से लखनऊ से बाराबंकी जा रहा था। हाईवे से 100 मीटर आगे बढ़ते ही दो बाइक सवार बदमाश आ गए। जब तक शोएब कुछ समझ पाता, उसकी कार पर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शोएब पर 25 से ज्यादा गोलियां चलाई गईं। वह घायल होकर गिर पड़ा। वारदात के बाद हमलावर अयोध्या की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल पहुंची और शोएब को अस्पताल ले आई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर असेनी मोड़ के पास हुई। कार पर जगह-जगह बुलेट के निशान हैं। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटा रही है।

## रणवीर-रोहित को फिर मिली धमकी



मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी को एक बार फिर धमकी मिली है। लॉरेंस गैंग से जुड़े गैंगस्टर हैरी बॉक्सर के नाम से यह धमकी दी गई है। इससे पहले रोहित शेट्टी के घर पर हुई पांच राउंड फायरिंग की घटना के बाद 10 फरवरी को रणवीर सिंह को पहली धमकी मिली थी। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने को लेकर दोनों को दोबारा धमकाया गया है। कथित धमकी संदेश में रणवीर सिंह का नाम लेते हुए कहा गया कि उन्होंने ही रोहित शेट्टी को शिकायत करने की सलाह दी थी। संदेश में उनके मैनेजरों और परिवार की गतिविधियों की जानकारी होने का दावा करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है, जिसमें कहा गया है कि अब हम तुम्हें दिखाएंगे कि हमारी ताकत के आगे तुम्हारी सात पुश्तें भी कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगी।

## सपा प्रवक्ता एससी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार

बाराबंकी (एजेंसी)। बाराबंकी के सफदरगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई दो दिन पहले दर्ज मुकदमे के आधार पर की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मनोज यादव को उस समय पकड़ा गया जब वे अपने कुछ साथियों के साथ सफदरगंज क्षेत्र से गुजर रहे थे। गिरफ्तारी के बाद उन्हें बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां नियमानुसार उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सफदरगंज थाने में दो दिन पूर्व छेड़छाड़ और एससी-एसटी एक्ट के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। उसी प्रकरण में साक्ष्यों और विवेचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस द्वारा की गई है। पिछले दो दिनों से मनोज यादव के संपर्क में न होने को लेकर चर्चा तेज थी। उनकी पत्नी ने लखनऊ के गोमती नगर विस्तार थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। इसी बीच सफदरगंज में पुलिस की यह कार्रवाई सामने आई, जिससे पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ मिल गया। अभी तक समाजवादी पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं में चर्चा का दौर जारी है।

## लखनऊ-काशी समेत 5 कोर्ट को उड़ाने की धमकी

वाराणसी (एजेंसी)। लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, मेरठ और मिर्जापुर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सभी जगहों पर धमकी का ईमेल सरकारी मेल पर आया। इसका पता लगते ही हडकंप मच गया। फिलहाल, पांचों कोर्ट परिसरों को पुलिस ने खाली करा दिया है। कोर्ट की कार्रवाई को फिलहाल रोक दिया गया है। काशी में 3 हजार से अधिक वकील और 5 हजार वादकारियों ने आनन-फानन में कोर्ट छोड़ दिया। जिला जज भी कैंपस से बाहर आ गए। पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें कोर्ट के एक-एक कोने की जांच कर रही हैं। हालांकि, अभी तक कहीं भी कुछ नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मेल का पैटर्न एक जैसा है। हालांकि, मेल किसने भेजा और कहां से आया, इसका पता अब तक नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है कि एक साथ मेल क्यों भेजे गए। क्या इसके पीछे कोई साजिश है। सूत्रों के मुताबिक, पूरे मामले पर लखनऊ के बड़े अफसर नजर रख रहे हैं। साइबर सेल और सुरक्षा एजेंसियां

# यूपी चुनाव से पहले नजर आई बंगला राजनीति, मायावती को बड़ा बंगला मिलने पर उठ रहे सवाल

### –अखिलेश पर तीखा हमला तो योगी से मुलाकात ने खोले कयासों के द्वार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज है। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती को दिल्ली में टाइप-8 श्रेणी का नया सरकारी बंगला आवंटित किए जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। आम तौर पर राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष को टाइप-6 या टाइप-7 श्रेणी का आवास मिलता है, ऐसे में उच्च श्रेणी का बंगला मिलने को राजनीतिक संकेतों से जोड़कर देखा जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस घटनाक्रम की शुरुआत अप्रैल 2024 से मानी जा रही है, जब लोकसभा चुनाव के दौरान मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने सीतापुर की रैली में भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला किया था। उन्होंने पार्टी को नफरत फैलाने वाली और आतंकवादियों की पार्टी तक कह दिया था। इस बयान से नाराज होकर मायावती ने उन्हें नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया और इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सार्वजनिक रूप से दी।

दिलचस्प बात यह रही कि आकाश आनंद समाजवादी पार्टी पर भी हमलावर थे, लेकिन इस पर मायावती ने सार्वजनिक नाराजगी नहीं जताई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे यह संदेश गया कि मौजूदा समय में मायावती भाजपा से सीधे टक्कर लेने से बचना चाहती हैं। हालांकि, रैलियों में वे राजनीतिक आलोचना करती रहीं।

#### सीएम योगी का आभार जताया

इसके बाद 9 अक्टूबर 2025 को एक रैली में मायावती ने भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सार्वजनिक रूप से आभार जताया। इस बयान ने अटकलों को और हवा दी। जनवरी 2026 में उन्हें दिल्ली में नया टाइप-8 बंगला आवंटित होने के बाद यह चर्चा तेज हो गई कि क्या भाजपा और बसपा के बीच कोई रणनीतिक समीकरण बन रहा है। यूपी चुनाव से पहले इस घटनाक्रम ने राजनीतिक गलियारे में चर्चा का बाजार गर्म कर दिया है।

#### अखिलेश को सबसे बड़ा दुश्मन बताया

मायावती ने हाल के बयानों में अखिलेश यादव को अपना 'सबसे बड़ा राजनीतिक दुश्मन' बताया है। इससे साफ संकेत मिलता है कि बसपा की मुख्य राजनीतिक लड़ाई समाजवादी पार्टी से है।

हालांकि, भाजपा और बसपा के बीच किसी औपचारिक गठबंधन की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अंदरखाने संभावित समझदारी या चुनावी रणनीति को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले बदलते समीकरणों ने राज्य की राजनीति को नई दिशा दे दी है। अब देखना होगा कि यह नजदीकियां महज राजनीतिक रणनीति हैं या आने वाले चुनाव में किसी बड़े गठबंधन की भूमिका तैयार कर रही हैं।

## तीनों मामलों में सांसद पप्पू यादव को मिली जमानत, समर्थकों में उत्साह



पटना (एजेंसी)। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को राहत देकर अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज तीनों मामलों में जमानत दे दी है। इससे उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। एमपी-एमएलए विशेष अदालत में शुक्रवार को संबंधित मामलों पर सुनवाई हुई। बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि आरोपों का स्वरूप गंभीर नहीं है और अभियुक्त जांच में सहयोग कर रहे हैं। लेकिन सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध कर कहा कि मामले की निष्पक्ष सुनवाई के लिए सख्ती जरूरी है। हालांकि अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका स्वीकार कर ली। जानकारी के अनुसार, तीनों मामले अलग-अलग तिथियों में दर्ज किए गए थे और इनमें कोतवाली थाना कांड संख्या भी शामिल है। अदालत ने शर्तों के साथ जमानत मंजूर की है। इसके पहले पप्पू यादव को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी होते ही उन्हें जेल से रिहा किया जाएगा। सांसद पप्पू यादव को जमानत की खबर मिलते ही समर्थकों ने खुशी जाहिर की है। कई कार्यकर्ताओं ने इस न्याय की जीत बताया। वहीं, राजनीतिक गलियारों में भी इस फैसले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## गैंगस्टरों के खिलाफ सीएम मान की बड़ी स्ट्राइक, पुलिस ने 72 घंटे में 3 हजार गिरफ्तारियां



**लुधियाना (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर राज्य को गैंगस्टर मुक्त बनाने के लिए 'गैंगस्टरां ते वार' मुहिम के तहत 72 घंटे का 'ऑपरेशन प्रहार-2' चलाया गया। इस विशेष अभियान की अगुवाई गौरव यादव ने की, जिसमें राज्यभर में 12,000 पुलिसकर्मियों की 2,000 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। अभियान के दौरान वांछित अपराधियों से जुड़े 8,278 ठिकानों पर छापेमारी की गई। 3 दिनों की कार्रवाई में कुल 7,498 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिसमें से 3,260 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में 135 फरार अपराधी भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 47 हथियार, 4.8 किलोग्राम हेरोइन, 3.6 किलोग्राम अफीम, 42,797 नशीली गोलियां, 68 किलोग्राम भुक्की और 30 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की। इसके अतिरिक्त 1,450 लोगों को एहतियातन हिरासत में लिया गया, जबकि जांच के बाद 2,788 व्यक्तियों को रिहा किया। विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि यह अभियान उम्मीद से अधिक सफल रहा है और राज्य को पूरी तरह गैंगस्टर मुक्त बनाने तक कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गुप्त रूप से सूचना दे सकते हैं। इसी दौरान 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' अभियान के 347वें दिन 164 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 11.9 किलोग्राम हेरोइन, 344 नशीली गोलियां और 4,700 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। पिछले 347 दिनों में कुल 49,129 नशा तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। साथ ही 14 लोगों को नशा मुक्ति और पुनर्वास के लिए प्रेरित किया गया है।

# चुनावी रेवड़ी या महिला सम्मान? स्टालिन ने करोड़ों महिलाओं को दिए 5000 रुपये



**चेन्नई (एजेंसी)।** दक्षिण के राज्य तमिलनाडू के सीएम एम के स्टालिन ने महिलाओं के लिए बड़ी आर्थिक सहायता की घोषणा कर 'कलाइग्नार मगलीर उरिमाई थोगई' योजना के तहत 1.31 करोड़ महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में 5,000 रुपये जमा करवाए हैं। चेन्नई में जारी वीडियो संदेश में उन्होंने बताया कि फरवरी, मार्च और अप्रैल महीनों के लिए अग्रिम रूप से 3,000 रुपये (प्रति माह 1,000 रुपये) दिए गए हैं, जबकि 2,000 रुपये की अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष सहायता भी प्रदान की गई है।

सीएम स्टालिन ने स्पष्ट किया कि यह केवल चुनावी वादा नहीं, बल्कि महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक योगदान का सम्मान है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के 'द्रविड़ मॉडल 2.0' के तहत यदि उनकी पार्टी दोबारा सत्ता में आती है, तब वर्तमान 1,000 रुपये की मासिक सहायता राशि को बढ़ाकर 2,000 रुपये किया जाएगा। तमिलनाडु में 234 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 10 मई 2026 को समाप्त हो रहा है और चुनाव 2026 की पहली छमाही में प्रस्तावित हैं। 2021 के चुनावों में डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 133 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी, जबकि एआईएमडीएमके को 66 सीटें मिली थीं।

यह योजना सितंबर 2023 में शुरू की गई थी और शुरुआत में 1.13 करोड़ महिलाओं को इसका लाभ मिला था। बाद में इसका दायरा बढ़ाकर 1.31 करोड़ महिलाओं तक किया गया। स्टालिन सरकार का कहना है कि यह आर्थिक सहायता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और परिवार की आय में सहयोग देने के उद्देश्य से दी जा रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, चुनाव से पहले इतनी बड़ी राशि का वितरण विपक्ष द्वारा 'चुनावी रेवड़ी' कहा जा रहा है, जबकि सत्तारूढ़ दल इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बता रहा है। अब देखना यह होगा कि आगामी चुनावों में महिलाओं का समर्थन किस दिशा में जाता है।


## पूर्व सीजेआई गवई ने जेपीसी के समक्ष वन नेशन वन इलेक्शन का किया समर्थन

नई दिल्ली(एजेंसी)। 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक पर चल रही संसदीय पड़ताल के बीच भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के समक्ष इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव न तो संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है और न ही इससे संघीय ढांचे या लोकतांत्रिक प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह विधेयक लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के उद्देश्य से लाया गया है। जानकारी के मुताबिक, भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली जेपीसी के समक्ष जस्टिस गवई ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए केवल एक चुनावी चक्र को समायोजित करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने विधेयक की संवैधानिक वैधता का समर्थन करते हुए कहा कि इसके लागू होने से संविधान की मूल संरचना में कोई बदलाव नहीं होगा। बैठक के बाद समिति अध्यक्ष ने कहा कि यह प्रस्ताव संसद की विधायी क्षमता के दायरे में आता है और इससे व्यापक चुनाव सुधार संभव है।

अन्य पूर्व सीजेआई की राय– अब तक 129वें संविधान संशोधन विधेयक, 2024 पर छह पूर्व मुख्य न्यायाधीश समिति के सामने अपनी राय रख चुके हैं। इनमें रंजन गोगोई, डी. वाई. चंद्रचूड़, जे. एस. खेहर और जस्टिस गवई ने इसे संविधान के मूल ढांचे के अनुरूप बताया है। वहीं दूसरी तरफ यूयू ललित और संजिव खन्ना ने केशवानंद भारती मामला का हवाला देते हुए कुछ संवैधानिक चिंताएं जताई हैं।

'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर अंतिम फैसला संसद की प्रक्रिया और आवश्यक संवैधानिक संशोधनों के बाद ही स्पष्ट होगा, लेकिन पूर्व न्यायाधीशों की राय ने बहस को नई दिशा दे दी है।

## सेवानिवृत फौजियों के लिए किताब लिखने पर नए नियम? नरवणे विवाद पर सरकार का रुख




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर चल रहे विवाद के बीच रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सेवानिवृत्त सेना अधिकारियों के लिए पुस्तक लेखन संबंधी नए दिशानिर्देश लाने के किसी प्रस्ताव की उन्हें जानकारी नहीं है। रक्षा सचिव सिंह ने कहा कि इसतरह के मामलों के लिए पहले से ही नियम और कानून मौजूद हैं, जिसमें आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्दा दिशानिर्देशों का अभाव नहीं है, बल्कि यह है कि क्या किसी मौजूदा नियम का उल्लंघन किया गया है।

रक्षा सचिव सिंह ने बताया कि ईमानदारी से कहूं, मुझे इस विशेष मुद्दे की जानकारी नहीं है जिसका आप जिक्र कर रहे हैं कि क्या नए दिशानिर्देशों पर विचार हो रहा है। मौजूदा दिशानिर्देश हैं और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम लागू होता है। मामले में मुद्दा यह नहीं है कि दिशानिर्देश मौजूद नहीं हैं, मुद्दा यह है कि क्या किसी ने उनका उल्लंघन करने की कोशिश की है। सार्वजनिक सूत्रों से मुझे पता चला है कि एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। हालांकि, मुझे किसी नए दिशानिर्देश की जानकारी नहीं है, और वैसे भी, संवेदनशील मामलों में मौजूदा दिशानिर्देश और मौजूदा कानून, विशेष रूप से ओएसए, लागू होते हैं।

यह घटना तब सामने आई जब राहुल गांधी ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा में जनरल नरवणे की आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का हवाला देने की कोशिश की, इससे बजट सत्र के दौरान चीन के साथ 2020 के गतिरोध का मुद्दा चर्चा में आ गया और राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। दिल्ली पुलिस ने 9 फरवरी को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और समाचार मंचों पर मिली जानकारी का संज्ञान लिया, जिसमें दावा किया गया था कि फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी पुस्तक की एक प्री-प्रिंट प्रति प्रसारित हो रही है। स्पेशल सेल ने अभी तक स्वीकृत न हुई पुस्तक के कथित रिसाव/उल्लंघन के संबंध में मामला दर्ज किया है।

वहीं बताया गया हैं कि दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की पुस्तक के कथित रिसाव के संबंध में पेंगुइन इंडिया के अधिकारियों से लगातार दो दिनों तक पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, दोनों दिन पूछताछ कई घंटों तक चली, जिसमें जांचकर्ताओं ने पांडुलिपि और उसकी डिजिटल फाइलों के प्रबंधन और वितरण के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया।

## बर्फबारी से पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड तो कई मैदानी राज्यों में तापमान 30 डिग्री के पार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में फरवरी के दूसरे सप्ताह में मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। मैदानी राज्यों में जहां गर्मी दस्तक देने लगी है, वहीं पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड और बर्फबारी का दौर जारी है।

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मध्य प्रदेश के 15 शहरों में पारा 30 डिगी तक पहुंच गया है। हालांकि सुबह और देर शाम हल्की ठंड अब भी महसूस की जा रही है। इसके उलट हिमालयी राज्यों में सर्दी का प्रकोप जारी है। उत्तराखंड के 7 शहरों में न्यूनतम तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मुनस्यारी में गुरुवार को पारा गिरकर माइनस 26 डिग्री तक पहुंच गया, जो इस सीजन के सबसे कम तापमान में से एक है। हिमाचल प्रदेश के सात शहरों में भी तापमान 5 डिग्री से नीचे रहा। जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी जारी है। अनंतनाग में बुधवार-गुरुवार को ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड पर कई फीट बर्फ जमी होने के कारण मार्ग अब भी बंद है, जिससे आवाजाही प्रभावित है। मौसम विभाग ने अगले 12 घंटों में लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 16 फरवरी तक बारिश के प्रभाव से तापमान में गिरावट और ठंड बढ़ने की संभावना है। 14 फरवरी को राजस्थान में मौसम साफ रहने और तापमान में 1-2डिग्री की बढ़ोतरी का अनुमान है, जबकि 15 फरवरी को हिमाचल प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी से राहत मिल सकती है और निचले इलाकों में मौसम साफ रहने की संभावना है।

# 8वें वेतन आयोग लागू हुआ तो 1 से 5 लेवल तक के कर्मचारियों की होगी बल्ले-बल्ले

### –एरियर की अवधि 18 से 24 महीनों तक की हो सकती है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कर्मचारी आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का इंतजार कर रहे हैं। वेतन आयोग की सिफारिशें फिटमेंट फॉर्मूले के तहत लागू होने की उम्मीद है। वहीं, सिफारिशें एक जनवरी 2026 से लागू होंगी तो ऐसे में कर्मचारियों को उम्मीद है कि उन्हें एरियर भी मिलेगा। एरियर की अवधि 18 से 24 महीनों तक की हो सकती है। अब सवाल है कि आखिर कितना एरियर मिलेगा। लेवल 1 से लेवल 5 तक के कर्मचारियों के लिए यह एरियर लाखों रुपए में मिल सकता है।

जानकारी के मुताबिक अगर 1 जनवरी 2026 को प्रभावी तिथि मानते हुए 20 महीनों का एरियर लिया जाए और फिटमेंट फैक्टर 2.0, 2.15, 2.28 या 2.57 के आधार पर गणना की जाए, तो लेवल 1 से 5 तक के कर्मचारियों को एकमुश्त बड़ी रकम मिल सकती है। मान लीजिए कि सातवें वेतन आयोग के तहत लेवल 1 कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 18,000 रुपए है। वहीं, लेवल 5 कर्मचारियों की सैलरी 29,200 रुपए है। अब आठवें वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों का 20 महीने का एरियर 3.60 लाख रुपए से 9.17 लाख रुपए तक बनता है। यह कैल्कुलेशन फिटमेंट फैक्टर 2.0, 2.15, 2.28 और 2.57 के आधार पर किया गया है।

बता दें एरियर की गणना का तरीका सीधा होता है। इसमें 7वें वेतन आयोग के तहत मौजूदा बेसिक पे पर स्वीकृत फिटमेंट फैक्टर लागू कर नई बेसिक सैलरी तय की जाती है। इसके बाद पुरानी और नई सैलरी के बीच का मासिक अंतर निकाला जाता है और उसे देरी के महीनों की संख्या से गुणा किया जाता है। आमतौर पर एरियर में बेसिक-पे का अंतर और संशोधित वेतन के मुताबिक महंगाई भत्ते का अंतर शामिल होता है।

बता दें हाल ही में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च कर दी है। आयोग ने पोर्टल पर एक संरचित प्रश्नावली के जरिए मंत्रालयों, विभागों, केंद्रीय कर्मचारियों और अन्य हितधारकों से सुझाव भी मांगे हैं। मतलब यह कि आप वेतन आयोग को किसी भी तरह के सुझाव दे सकते हैं। अगर सुझाव सही होंगे तो उस पर अमल भी किया जाएगा। बता दें केंद्र सरकार ने जनवरी 2025 में 8वें वेतन आयोग की घोषणा की थी, जबकि वित्त मंत्रालय ने 3 नवंबर को इसकी अधिसूचना जारी की।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित,
मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com